* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
30 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 190

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा







# गांडेय उपचुनाव : कल्पना सोरेन ने किया नामांकन

## लोकसभा चुनाव : ढुल्लू महतो और केएन त्रिपाठी आज मनीष जायसवाल, जेपी पटेल 1 मई को करेंगे नामांकन

- कल्पना के नामांकन में मुख्यमंत्री समेत महागठबंधन के अन्य नेता हुए शामिल
- नामांकन के बाद जनसभा को किया संबोधित, शिबू सोरेन भी पहुंचे मंच पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बादल, मिथिलेश ठाकुर, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद भी मौजूद थे। यहां से भाजपा ने दिलीप वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। गांडेय विधानसभा के लिए 20 मई को लोकसभा के पांचवें चरण के साथ-साथ उपचुनाव के लिए भी मतदान होगा। नामांकन के बाद कल्पना और अन्य नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन भी मौजूद रहे। उधर, लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को धनबाद से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह 1 मई को नामांकन करेंग्री। वहीं, हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और कांग्रेस उम्मीदवार जेपी पटेल 1 मई को नामांकन दाखिल करेंगे।

**शिबू सोरेन ने इंडी गठबंधन को जीताने की अपील की**

दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जनता से इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। वहीं, जनसभा को मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोगता, हफीजुल हसन अंसारी, बादल पत्रलेख, बेबी देवी, बसंत सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, महुआ मांझी, मिथलेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, विधायक नलिनी सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो, बिनोद सिंह, इरफान अंसारी, सुदिव्य कुमार सोनू, अनूप सिंह आदि ने भी संबोधित किया और महागठबंधन प्रत्याशी को वोट देने की अपील की।



### जुमलेबाजी और झूठ की गारंटी है मोदी सरकार : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

कल्पना सोरेन के नामांकन के बाद पपरवाटांड़ स्थित फुटबॉल ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा सरकारकी ओर से पिछले कई महीनों से 400 पार का नारा लगाया जा रहा था। इनका बस चलता तो ये 543 सीट में जीत का दावा कर देते। दो चरण के मतदान के बाद अब पीएम मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। अब भाजपा जान चुकी है कि उनका क्या होनेवाला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जुमलेबाज और झूठ की गारंटी वाली सरकार के मुखिया है।

### ढुल्लू महतो, केएन त्रिपाठी आज और अनुपमा-मनीष-पटेल कल करेंगे नामांकन

रांची (आजाद सिपाही)। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो 30 अप्रैल को नामांकन करेंगे। मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। वहीं महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी भी 30 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस मौके पर झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन, श्रम एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर तथा राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव मौजूद रहेंगे। उधर धनबाद लोकसभा से इंडी गठबंधन (कांग्रेस) की प्रत्याशी अनुपमा सिंह 1 मई को नामंकन करेंगी। वहीं, हजारीबाग सीट पर इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल और भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल 1 मई को नामांकन करेंगे। मनीष जायसवाल के नामांकन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत भाजपा के कई राज्यसभा सांसद, विधायक और केंद्रीय नेता शामिल होंगे। नामांकन के बाद रोड शो और जनसभा का भी कार्यक्रम है।

### भाजपा झारखंड की अस्मिता खत्म करना चाहती: कल्पना सोरेन

कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा वाले झारखंड की अस्मिता को खत्म करना चाहते हैं। अपने पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं। क्योंकि गिरिडीह की धरती से शिबू सोरेन ने जो आंदोलन शुरू किया था, वो एक-एक झारखंडी की अस्मिता और वजूद से जुड़ा हुआ था। झारखंड को बचाने के लिए आप सभी को आइएनडीआइए गठबंधन को मजबूती देना होगा। कल्पना ने कहा कि भाजपा झारखंड में आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। सीएनटी एसपीटी एक्ट के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। अपना हक मांगने पर भाजपा लोगों को जेल में डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपया जब केंद्र सरकार से मांगा गया, तो उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अपने हक के लिए लड़ाई लड़ना होगा। हेमंत सरकार ने राज्य में जनहित की कई योजनाओं को चलाया है, मगर भाजपा और उनके सहयोगी जनता को गुमराह कर उन योजनाओं को अपना बता रहे हैं। उन्होंने जनता को बहकावे में नहीं आते हुए लोकसभा और गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में जनता के हित में काम करने वाली सरकार के पक्ष में वोट करने की अपील की।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चाइबासा में जनसभा को संबोधित किया

# झामुमो और कांग्रेस ने अलग राज्य के आंदोलन को कुचला : बाबूलाल

- एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता


**चाइबासा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेतृत्व में सरकार चल रही है। ये सभी झारखंड के विरोधी हैं। झारखंडी विरोधी हैं। झारखंड के विकास के विरोधी है। इनसे झारखंड का विकास कभी नहीं हो सकता। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन देश की आजादी के समय से ही चल रहा था। कांग्रेस पार्टी की सरकार केंद्र में थी। कभी उन्होंने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। झारखंड की जनता की भावना का सम्मान नहीं किया। उसने अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वाले नेता को खरीदने का ही काम किया। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आने पर अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। आज अगर हम अपने आपको झारखंड के वासी कहते हैं, तो यह भारतीय जनता पार्टी की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। झारखंड अलग राज्य झामुमो ने नहीं बनाया। कांग्रेस ने नहीं बनाया। उन लोगों ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को कुचलने का काम किया। बाबूलाल सोमवार को सिंहभूम लोकसभा के राजनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चाइबासा से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।



बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के घर-घर तक गैस का कनेक्शन पहुंचाया। इतना ही नहीं, देश में कोई भूखा नहीं सोये, इसकी चिंता भी करते हैं। कोरोना काल के उस दिन को याद करें, जब देश में सब कुछ ठप हो गया था। कल कारखाने बंद हो गये थे। गाड़ियां नहीं चल रही थीं। उस समय नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता की। सभी के घरों में मुक्त राशन पहुंचाने की व्यवस्था की, ताकि कोई गरीब भूखा ना रहे। अगले पांच वर्ष तक लोगों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री गरीब की चिंता करते हैं। किसान की चिंता करते हैं। महिला की चिंता करते हैं। युवा की चिंता करते हैं। सभी वर्ग की चिंता करते हैं। उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनायें। चाइबासा से भाजपा प्रत्याशी को जीता कर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों ने राज्य की खनिज संपदा को बेच डाला। लोहा- कोयला को बेच दिया। नदी के बालू तक को नहीं छोड़ा। आज इस प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी कारण से जेल में बंद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को हमने दर्जनों पत्र लिखा था। बताया था कि यहां पत्थर की चोरी हो रही है। बालू की चोरी हो रही है। कोयला की चोरी हो रही है। जमीन के फर्जी कागजात बना कर लोग उसे बेच रहे हैं। इसकी जांच कर उन पर कार्रवाई करें, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय वे इन लोगों को संरक्षण दे रहे थे। इसके कारण इडी नें उन्हें पकड़ लिया। आज वे होटवार जेल में बंद हैं। आप अगर अपराधियों को संरक्षण देंगे, तो आपको सजा भुगतना ही होगा।

मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग इस बात का झूठा प्रचार कर रहे हैं कि सत्ता में आने के बाद भाजपा आदिवासियों और गरीबों की जमीन लूट लेगी। इस राज्य में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री हुए। आप ही बता दें कि उनके कार्यकाल में कितने आदिवासी और गरीबों की जमीन लूटी गयी। हेमंत सोरेन की एक सौ अधिक डीड हमारे पास है। झारखंड की सभी जगहों पर उन्होंने गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया है। सत्ता की सहयोगी कांग्रेस पार्टी को तो राज्य के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने इस देश में 50 से 60 वर्षों तक राज किया। उन्हीं के कार्यकाल में बड़े-बड़े कारखाने और नहर बने थे। खदानें खुली थीं। गांव के गांव उजाड़े गये। उनको आज तक कहीं शरण नहीं मिली। वे ठोकरे खा रहे हैं। उनका आज कोई अता पता नहीं है। अब वे लोग अपने आपको आदिवासियों के बहुत बड़े हितैषी कह रहे हैं। ये सारे लोग देश को, इस प्रदेश को सिर्फ लूटने का काम कर रहे हैं।




## न्यूज रील्स

### गढ़वा के कांडी थाना को झारखंड हाइकोर्ट ने सील करने का दिया आदेश

रांची (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले के कांडी थाना को झारखंड हाइकोर्ट ने तत्काल सील करने का आदेश दिया है। मामल में हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें अधिवक्ता राजीव कुमार (रिटायर्ड जिला जज) ने प्रार्थी की तरफ से अपना पक्ष रखा। दरअसल, गढ़वा के कांडी थाना का भवन निर्माण होने के पश्चात उस जमीन के स्वामित्व को लेकर हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। इस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए आदेश दिया है। बता दें, मामले में प्रार्थी अजय कुमार सिंह ने हाइकोर्ट का रुख करते हुए याचिका दायर करायी है। मामले में सुनवाई के दौरान प्रार्थी की तरफ से कहा गया है कि कांडी थाना का भवन उसकी जमीन पर बनाया गया है। मगर उसे किसी तरह का कोई उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। इस पर हाइकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि बिना मुआवजा दिये किसी भी जमीन पर सरकारी निर्माण कैसे किया जा सकता है।

# 50 प्रतिशत से ज्यादा का आरक्षण देंगे: राहुल

- कांग्रेस सांसद ने बिलासपुर में इंडी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम आरक्षण में लगे 50 प्रतिशत के कैप को हटा देंगे। हम इससे ज्यादा का आरक्षण देंगे। हमारी सरकार आते ही सभी का कर्ज माफ कर दिया जायेगा और एमएसपी का कानून भी कांग्रेस लेकर आयेगी। राहुल सोमवार को



बिलासपुर लोकसभा में इंडी प्रत्याशी देवेंद्र यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे थे।

राहुल ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने युवाओं को बहुत तंग किया। नोटबंदी, जीएसटी, बेरोजगारी लेकर आयी। इतनी बेरोजगारी कभी 45 साल में नहीं थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के करोड़ों बेरोजगारों, डिप्लोमा होल्डर्स को एप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रही है। कांग्रेस सरकार गारंटी देगी एक साल की नौकरी पक्की। बेहतर से बेहतर ट्रेनिंग मिलेगी और एक साल के बैंक अकाउंट में एक लाख रुपये मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 20-25 लोगों को करोड़पति बनाया, हम करोड़ों लोगों को लखपति बनायेंगे। देश में 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना यहां के 70 करोड़ लोगों के पास है। एक प्रतिशत देश के 40 प्रतिशत को कंट्रोल करता है। ये रेलवे और सभी पब्लिक सेक्टर की कंपनियों का निजीकरण करने में लगे हुए हैं। कांग्रेस महालक्ष्मी योजना लेकर आयेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। जो भी गरीबी रेखा से नीचे हैं, उस महिला के बैंक एकाउंट में साल के एक लाख रुपए कांग्रेस डालने जा रही है।

# विपक्ष बौखलाया, इसलिए झूठ फैला रहा: मोदी

- प्रधानमंत्री ने बागलकोट, सोलापुर और सतारा में जनसभा को संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता


**बेंगलुरु/मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन (कांग्रेस) बौखलाया हुआ है, इसलिए झूठ फैला रहा है। आज बाबा साहेब अंबेडकर भी चाह कर आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है। प्रधानमंत्री कर्नाटक के बागलकोट और महाराष्ट्र के सोलापुर और सतरा में जनसभा



को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? उनके दुख, उनकी तकलीफ से कांग्रेस और उनके साथियों को कोई वास्ता नहीं था।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की पहचान उनके पापों के कारण बनी है। उन्होंने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। विधायकों को विकास निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। वो दिन दूर नहीं, जब यहां की सरकार अपने अधिकारियों को पेमेंट नहीं दे पायेगी। आपके बच्चे भूखे मर जायेंगे। कांग्रेस सरकार वोटबैंक की राजनीति कर रही है। तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद को पार कर सकती है। सोशल मीडिया के जमाने में कांग्रेस टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल कर रही है। ये लोग फेक वीडियो बना रहे हैं। मेरी आवाज लगा कर कुछ भी खबर चला रहे हैं। अगर आपको कोई भी फेक वीडियो मिलता है तो उसे भाजपा को दें। तुरंत कार्रवाई होगी।



# गांडेय के परिणाम से तय होगी झारखंड की भावी सियासत

## ■ कल्पना सोरेन जीतीं, तो मिलेगी उनके हौसलों को नयी उड़ान और पहचान

## ■ भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के सामने भी है जनाधार साबित करने की चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में लोकसभा चुनाव से ज्यादा जिस चुनाव की चर्चा इन दिनों है, वह है गांडेय विधानसभा क्षेत्र में 20 मई को होनेवाला उपचुनाव। यह सीट राज्य की किसी भी संसदीय सीट से अधिक चर्चित इसलिए है, क्योंकि यहां से राज्य की पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन झामुमो की तरफ से मैदान में हैं। झारखंड की पांचवीं विधानसभा का यह छठा उपचुनाव है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि गांडेय से झारखंड की राजनीति की भावी दशा-दिशा तय होगी। कल्पना सोरेन के सामने भाजपा के दिलीप वर्मा हैं, जिन्हें न केवल झामुमो से इस सीट को छीनना है, बल्कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के सामने जनाधार भी साबित करना है। जहां तक झामुमो का सवाल है, तो गांडेय उसके लिए 'करो या मरो' वाली स्थिति पैदा कर रहा है। यहां से यदि कल्पना सोरेन जीतती हैं, तो यह उनके छोटे से राजनीतिक जीवन की शायद सबसे बड़ी कामयाबी होगी और उनकी पहचान को नयी ऊंचाइयां मिल जायेंगी। इतना ही नहीं, अपने श्वसुर शिबू सोरेन की अस्वस्थता और जमीन फर्जीवाड़े मामले में उनके पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से राजनीतिक परिदृश्य से अनुपस्थिति के कारण पैदा हुए शून्य को भी वह भरने में कामयाब हो जायेंगी। कल्पना सोरेन का यह नया अवतार झामुमो के लिए भी संजीवनी का काम करेगा। और अगर ऐसा नहीं हो पाया, तो झामुमो के लिए इससे बड़ा सेट बैक कुछ और नहीं होगी। इतना ही नहीं, गांडेय का उपचुनाव यह भी तय करेगा कि झारखंड में बड़ी राजनीतिक हैसियत बाबूलाल मरांडी की है या हेमंत सोरेन की। सुदेश महतो की जमीनी पकड़ की भी यहां परीक्षा होगी। इस तरह गांडेय विधानसभा उपचुनाव का परिणाम झारखंड की भी राजनीतिक दिशा तय करेगा और चुनाव जीतनेवाले का भी। गांडेय विधानसभा उपचुनाव की संभावनाओं और झारखंड की राजनीति पर पड़नेवाले इसके असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जो चुनाव ज्यादा चर्चित हो रहा है, वह है गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होनेवाला उपचुनाव।

गांडेय का उपचुनाव इसलिए इतना चर्चित हो गया है, क्योंकि यहां से राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव मैदान में उतरी हैं। दूसरी तरफ उनके सामने भाजपा ने अपने तेज-तर्रार और अनुभवी प्रदेश सचिव दिलीप वर्मा को उतारा है। गांडेय सीट पिछले साल 31 दिसंबर को झामुमो के डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफा देने के कारण खाली हुई थी। यहां 20 मई को मतदान होगा।

### कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने के पीछे की रणनीति क्या है

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कल्पना सोरेन को एक मजबूत नेता के रूप में खड़ा करने की रणनीति है। इन दिनों कल्पना और बसंत सोरेन पार्टी की कमान संभाल रहे हैं। सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम लिया है और खुद शिबू सोरेन उम्रजनित समस्याओं को लेकर सक्रिय नहीं हैं। पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद पार्टी में पैदा हुए शून्य को भरने के लिए एक सोची-समझी रणनीति के तहत कल्पना सोरेन को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी, जिसे उन्होंने अपनी राजनीतिक समझ से सही साबित किया है। अब वह सीधे चुनाव मैदान में उतर गयी हैं, तो इससे उनका कद भी बढ़ा है।

इस साल 30 जनवरी को विधायक दल की बैठक में पहली बार कल्पना सोरेन शामिल हुईं। उससे पहले 31 दिसंबर को गांडेय सीट खाली करायी गयी थी। कल्पना सोरेन के विधायक दल की बैठक में शामिल होने के बाद चर्चा होने लगी कि वह हेमंत के बाद मुख्यमंत्री बनेंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी बीच सीता सोरेन ने बगावत कर दी और भाजपा में चली गयीं। तब तक कल्पना सोरेन बैकफुट पर रहीं, लेकिन उन्हें सामने लाने की तैयारी पार्टी के अंदर चलती रही। 6 फरवरी को हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया अकाउंट के संचालन की जिम्मेवारी का एलान कर कल्पना ने पहली बार राजनीति के मैदान में उतरने का संकेत दिया। इसके बाद कल्पना सक्रिय हो गयीं और गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर उन्होंने राजनीति में उतरने का एलान भी कर दिया। वह 4 मार्च का दिन था। इसके बाद वह सीट बंटवारे से लेकर पार्टी के हर रणनीतिक फैसले में शामिल रहीं और अब चुनावी राजनीति में उतर गयी हैं।




### गांडेय सीट ही क्यों चुनी गयी

गांडेय सीट झामुमो का गढ़ है। 1977 से लेकर अब तक यहां पांच बार झामुमो, दो बार कांग्रेस, दो बार भाजपा और एक बार जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। 2019 के चुनाव में यहां झामुमो के प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद ने 65 हजार 23 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के जयप्रकाश वर्मा को 56 हजार 168 वोट मिले थे। इस सीट पर मुस्लिम और आदिवासी की बड़ी आबादी के आधार पर बनने वाले मजबूत समीकरण पर भरोसा है। झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन को मुस्लिमों का भरपूर समर्थन मिलेगा। आदिवासियों को झामुमो पहले से अपना परंपरागत वोटर मानता है। गांडेय में झामुमो का एक बड़ा वोट बैंक आदिवासी समुदाय है, जिनकी संख्या 40 हजार के करीब है।

### कल्पना सोरेन के लिए सबसे बड़ी चुनौती क्या है

कल्पना के सामने एक के बाद एक कई बड़ी चुनौती होंगी। पिछली बार इस सीट पर जेवीएम, आजसू और भाजपा अलग-अलग लड़ी थी। इस बार एक साथ चुनाव लड़ रही है। इस सीट से विधायक रहे डॉ सरफराज अहमद के लिए यह जीत इसलिए भी आसान थी कि उनके विरोधी बंटे हुए थे। कल्पना सोरेन जब चुनाव लड़ रही हैं, तो विपक्षी दल एकजुट है। पिछली बार डॉ अहमद महज साढ़े आठ हजार वोट से जीते थे, जबकि भाजपा, जेवीएम और आजसू को मिला कर करीब 25 हजार वोट अधिक आये थे। कल्पना सोरेन के सामने असली चुनौती इसी अंतर को पाटने की है। वैसे गांडेय में कांग्रेस और झामुमो का कैडर है। इस एकजुटता का लाभ कल्पना सोरेन को मिल सकता है।

कल्पना सोरेन बहुत मेहनत कर रही हैं। हर कार्यक्रम में जा रही हैं। चर्चा तो यह भी है कि अगर कल्पना सोरेन जीत गयीं तो वह मुख्यमंत्री पद की दावेदार होंगी।

इस चुनाव परिणाम के बाद भी कल्पना की चुनौती खत्म नहीं होगी। चुनाव में अगर जीत मिलती है, तो पार्टी को एकजुट रखना बड़ी चुनौती होगी। झामुमो में कई पुराने चेहरे कल्पना को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर नाराज हो सकते हैं। इस वक्त कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में पार्टी को एकजुट रखा है। लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सभी नेताओं को समेट कर रखना और पार्टी को मजबूत बनाये रखना कल्पना के लिए आसान नहीं होगा।

### हेमंत सोरेन का कद भी तय होगा

गांडेय उपचुनाव में सबसे बड़ा टेस्ट हेमंत सोरेन का है। यह चुनाव तय करेगा कि झारखंड की राजनीति में बड़ा कद उनका है या फिर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का। हेमंत को लेकर जो सहानुभूति अभी दिख रही है, वह मतदान के दिन तक किती रहेगी, यह देखनेवाली बात होगी।

### जीतने पर कल्पना सोरेन का कद बढ़ेगा

इस बात में कोई संदेह नहीं कि गांडेय में जीत मिली, तो कल्पना सोरेन का राजनीतिक कद कई गुना बढ़ जायेगा। उन्होंने अब तक जिस कुशलता से अपने कदम बढ़ाये हैं, उससे इतना तो पता चलता ही है कि उनकी राजनीतिक समझ बहुत गहरी है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद लोगों को लगता था कि झामुमो बिखर गया। ऐसे में कल्पना सोरेन ने कमान संभाली और अपनी समझदारी का परिचय दिया। यही कारण है कि राहुल गांधी उनसे मिलने पहुंचे। कल्पना ने रांची में उलगुलान न्याय रैली करा कर अपने नेतृत्व को प्रदर्शित किया। कल्पना के जीतने की स्थिति में झामुमो नये युग में प्रवेश तो करेगा ही, साथ ही झारखंड की सियासत भी तय होगी। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो यह झामुमो के लिए दुखद होगा।

---

# विकास के लिए केंद्र की नीतियों-पैसों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही झारखंड सरकार : अर्जुन मुंडा

**तमाड़ प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियों को सबके सामने रखा। कहा कि देशभर में रहने वाले किसान, महिला, युवा, गरीब, सबके लिए नीति बनाने का काम केंद्र सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है, लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। श्री मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा, लेकिन आज उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है, लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है। फिर से हम सब मोदी सरकार बनायें।



कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। विदेशों में बनने वाले सामान हमारे देश में बन रहे हैं। खूंटीवासियों के लिए गर्व करने का पल यह है कि सबसे महंगा बिकने वाला फोन आइफोन यहां की बेटियां बना रही हैं। रोजगार मेले के माध्यम से हमने खूंटी लोकसभा क्षेत्र की हजारों बेटियों को रोजगार दिया है।

## छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई 3 मई को



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित इडी के अनुसंधान के क्रम में आये वैसे दस्तावेज की मांग की गयी है, जिसे इडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 3 मई निर्धारित की है। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में छवि रंजन 4 मई 2023 से जेल में बंद हैं। उन्होंने निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने पर हाइकोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

# निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने पूजा सिंघल को जमानत देने से मना कर दिया है। मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। उनकी याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दिया है।

**पूजा सिंघल 11 मई 2022 से जेल में हैं बंद**

झारखंड की तेज-तर्रार आइएएस अधिकारी रहीं पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय ने 2022 में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी 11 मई को हुई थी। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं। गिरफ्तारी के बाद झारखंड सरकार ने पूजा सिंघल को निलंबित कर दिया था।

**हेल्थ ग्राउंड पर पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी थी जमानत**

मनी लाउंड्रिंग के आरोपों में



घिरीं आइएएस पूजा सिंघल ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जमानत की अर्जी लगायी थी। उनके वकील ने शीर्ष अदालत में 16 मार्च को दलील दी थी कि पूजा सिंघल 585 दिनों से जेल में बंद हैं। इडी ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। चूंकि पूजा सिंघल की तबीयत ठीक नहीं रहती, उन्हें जमानत दी जानी चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने इडी के वकील से मांगी थी कई जानकारियां**

पूजा सिंघल के वकील की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इडी से जवाब मांगा था। कोर्ट ने इडी से कहा था कि वह एक शपथ पत्र दाखिल करे, जिसमें यह बताये कि झारखंड की निलंबित आइएएस पूजा सिंघल कितने दिनों तक जेल में रही हैं। साथ ही यह भी बताने को कहा कि पूजा को कितने दिनों की अंतरिम जमानत अब तक मिली है और कितने दिनों तक वह रिम्स में रहीं।

**इडी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को दी थी ये जानकारियां**

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि पूजा सिंघल ने हिरासत अवधि में जेल से ज्यादा समय अस्पताल में बिताये हैं। वह एक प्रभावशाली महिला हैं। अब तक उन्होंने सिर्फ 231 दिन जेल में बिताये हैं। 303 दिन वह अस्पताल में रही हैं। अस्पताल में भी उन्हें घूमते देखा जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा एतराज जताते हुए पूजा सिंघल के वकील से कहा था कि अगर यह सच साबित हुआ, तो हम केस की सुनवाई नहीं करेंगे।

# जैक इंटरमीडिएट का रिजल्ट आज

## 11 बजे खत्म होगा परीक्षार्थियों का इंतजार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक कौंसिल इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी करेगा। जैक पूर्वाह्न 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा। झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट के 94 हजार 433 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। इनके अलावा 25 हजार 907 विद्यार्थी 12वीं कॉमर्स और 02 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर देख सकते हैं। झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में करीब चार लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड इंटर की परीक्षाएं 6 फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गयी थीं।




# रिमांड पूरी होने पर अंतू, बिपिन सिंह समेत चार की पेशी, जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 8.46 एकड़ जमीन की फर्जीवाड़ा मामले में सोमवार को रिमांड पूरी होने के बाद अंतू तिर्की, बिपिन सिंह, मोहमद इरसाद और प्रियरंजन सहाय के अलावा मामले के एक अन्य आरोपी अफसर अली की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। इडी की ओर से इनसे और पूछताछ के लिए रिमांड का आग्रह नहीं करते हुए उन्हें जेल भेजने का आग्रह किया गया। इसके बाद कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। दरअसल, रिमांड पर लिये गये फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सदाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर इडी ने बीते दिनों झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह समेत चार लोगों के ठिकाने पर छापामारी की थी। मामले में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेट आरोपी बनाया गया है। अब तक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# 7 मई को राजमहल संसदीय सीट से नामांकन करेंगे लोबिन हेंब्रम

**निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर हैं मैदान में**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता और बोरियो विधानसभा क्षेत्र से विधायक लोबिन हेंब्रम निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजमहल संसदीय सीट से 7 मई को नामांकन करेंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में लगातार तीसरी बार विजय हांसदा को मौका देने से नाराज होकर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का निर्णय किया था। विजय हांसदा के नाम का एलान होने के दूसरे ही दिन, प्रेस कांफ्रेंस कर लोबिन हेंब्रम ने राजमहल में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरने का एलान कर दिया था। लोबिन हेंब्रम का तर्क है कि जनता में मौजूदा सांसद के प्रति नाराजगी है। उन्होंने पार्टी को आगाह किया था।



## महत्वपूर्ण खबरें

### अमित शाह के एडिटेड वीडियो मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री को समन

नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। रेवंत से 1 मई को पूछताछ होगी। इस मामले में 28 अप्रैल को एफआइआर दर्ज हुई थी। वीडियो 27 अप्रैल को तेलंगाना कांग्रेस की ओर से शेयर किया गया था। जिसमें शाह एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म करने की बात कहते दिखे थे।

### इंदौर का कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा में शामिल

इंदौर। इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया और भाजपा में शामिल हो गये। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा विधायक रमेश मेंदोला उनके साथ थे। इंदौर में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद शंकर लालवानी को टिकट दिया है।

### स्मृति ईरानी ने अमेठी से किया नामांकन

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को अमेठी से नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। इससे पहले स्मृति अपने घर से पूजा करने के बाद रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची और अपना नामांकन दाखिल किया। कल वे स्कूटी चलाकर भाजपा कार्यालय पहुंची थी। एक दिन पहले वे अयोध्या गयी और और रामलला के दर्शन किये थे।

### अमित शाह का हेलिकॉप्टर हवा में लहराया

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर सोमवार को बेगूसराय के जीडी कॉलेज से उड़ान भरते समय तेज हवा के दबाव में लहरा गया। हेलिकॉप्टर को पश्चिम दिशा की ओर उड़ान भरकर पटना जाना था, लेकिन हेलिकॉप्टर जैसे ही ऊपर उठा, पश्चिम के बदले पूर्व दिशा की ओर जाकर लड़खड़ा गया।इसके बाद हेलिकॉप्टर ऊपर उड़ने के बजाय करीब दो फीट नीचे आया, लेकिन पायलट ने उसे संभाल लिया। इसके बाद पश्चिम दिशा की ओर सीधी उड़ान ली जा सकी।

### मोदी पर 6 साल चुनावी बैन वाली याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली हाइकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 6 साल के लिए चुनावी बैन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता एडवोकेट आनंद एस जोंधले का आरोप था कि पीएम मोदी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया। चुनाव आयोग की तरफ से एडवोकेट सिद्धांत कुमार ने पैरवी की। कोर्ट ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है। याचिकाकर्ता का मानना है कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ, लेकिन हमारे लिए चुनाव आयोग को किसी शिकायत पर कोई विशेष नजरिया अपनाने का निर्देश देना सही नहीं है। चुनाव आयोग जोंधले की शिकायत पर कानून के मुताबिक एक्शन लेगा। हम ये याचिका खारिज करते हैं। जोंधले ने 15 अप्रैल को अपनी याचिका में कहा था कि पीएण मोदी भगवान और मंदिरों के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं।

# इस बार आसान नहीं है बिहार के वोटिंग पैटर्न को समझना

## कहीं भूमिहार लालटेन पर और यादव कमल पर मार रहा वोट

**प्रशांत**

न कहीं बड़ी होर्डिंग, न नेताओं का शोर। ऊपरी तौर पर चुनाव का अहसास नहीं। भीषण गर्मी के बीच बिहार की राजनीति चुनाव के समय में भी कहीं छांव में आराम करती दिखी रही है। तो क्या सरसरी तौर पर नीरस दिख रहे चुनाव की असल हकीकत भी यही है जमीन पर? मुजफ्फरपुर के कांटी में कुछ लोग इसमें थोड़ी स्पष्टता लाते हैं। वे कहते हैं, चुनाव इस बार ऐतिहासिक है। कई नयी चीजें होंगी। पुराने मिथ टूटेंगे। जाति से भूमिहार प्रतीक वैशाली सीट के वोटर हैं। वह राजद प्रत्याशी मुन्ना शुक्ला को वोट देंगे। मुन्ना शुक्ला भी भूमिहार हैं। उनके स्वजातीय लोग कहते हैं कि यह सपने में भी नहीं सोचा था कि लालटेन को वोट करेंगे। इस बार यह होगा। साथ में यह जोड़ना भी नहीं भूलते हैं कि उन्हें देश में नरेंद्र मोदी ही पीएम चाहिए और वह सरकार बना भी लेंगे, भले वह एक सीट हारें। वह यह भी जोड़ते हैं कि एक साल बाद बिहार में विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव सीएम बन सकते हैं। उनका कहना है कि लालू प्रसाद के समय जो राजद से कटुता थी, वह अब उतनी नहीं रही।

राज्य में कुछ जगहों पर पहला संकेत यही मिलता है कि चुनाव के अंदर कई लेयर हैं। कोई एक फॉर्मूला किसी एक संसदीय क्षेत्र में तो क्या एक गांव तक काम करता नहीं दिख रहा है। ऐसे में किसी एक गांव, टोले, जाति के ट्रेंड पर पूर्वानुमान लगाना किसी को भी भारी पड़ सकता है। राजनीतिक दल के नेता भी इसे डिकोड नहीं कर पा रहे हैं। मुजफ्फरपुर के लोग कहते हैं कि जब नेता लोग पाला बदलते हैं तो जनता क्यों नहीं बदले? वह किसी का गुलाम क्यों बने। मझौली मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां से मौजूदा भाजपा सांसद अजय निषाद का टिकट गया तो वे महागठबंधन में कांग्रेस के उम्मीदवार बन गये हैं। परमानंद निषाद के अनुसार जब सभी अपना-अपना हित देखता तो वह भी अपनी जाति का नेता क्यों नहीं देखें? उनकी शिकायत अजय निषाद से है कि वह अपने पिता कैप्टन जयनारायण निषाद की तरह लोगों के बीच नहीं जाते हैं। जयनारायण निषाद राज्य के प्रमुख मल्लाह नेता रहे हैं। इस बार मुकेश सहनी मल्लाहों के बीच पैठ बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें राजद ने तीन सीटें दी हैं। राजद को लगता है कि अगर सहनी का वोट मिल गया तो उन्हें लाभ होगा। राज्य में लगभग 20 फीसदी मुस्लिम और यादव वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा राजद को मिलता रहा है। यह एकमुश्त वोट पिछले कई वर्षों से राजद की सबसे बड़ी मजबूरी और सबसे बड़ी कमजोर भी है। इस 30 फीसदी वोट के सामने काउंटर ध्रुवीकरण बहुत प्रभावी रूप से होता रहा है।

पाटलिपुत्र सीट के दीघा में लोगों के लिए अब भी नीतीश कुमार नेता हैं। वे कहते हैं कि जब से उन्हें ज्ञान हुआ है तब से वह नीतीश कुमार का काम देख रहे हैं। वह अपने हाथ से दूर बने दो पुल को दिखाते हैं, जिनके बनने से पूरे इलाके में आना-जाना कितना आसान हो गया। वे नीतीश का बचाव करते हैं, पूछते हैं कौन दल सत्ता में नहीं रहना चाहता है। अगर नीतीश अपने दल और बिहार की बेहतरी के लिए पचास पलट मारते हैं, तब भी उन्हें वह मंजूर है। बिहार में नीतीश कुमार को उनार फैक्टर भी कहते हैं। मतलब जिधर वह चले जाते हैं, पाला उधर झुक जाता है।

### चुनावी आकलन



### बीजेपी के लिए मोदी है तो मुमकिन है सी स्थिति

इन सबके बीच बीजेपी ने पूरी लड़ाई पूरी तरह मोदी फैक्टर को सौंप दिया है। पाटलिपुत्र संसदीय सीट पर लोगों ने कहा कि दो बार से नरेंद्र मोदी के नाम पर रामकृपाल यादव को वोट देकर जीता रहे हैं। शायद इस बार भी वह उन्हें वोट देंगे। मगर, वह इलाके में बीजेपी से बेहतर नेतृत्व देने की मांग करते हैं ताकि इलाके का विकास हो सके। इसी सीट राजद से लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती खड़ी हैं। राज्य की 40 लोकसभा सीटों के लिए सात चरणों में वोटिंग हो चुकी है। 2019 आम चुनाव में एनडीए ने 39 सीट पर जीत हासिल की थी। विपक्ष को एकमात्र जीत किशनगंज में मिली थी, जहां कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी हुए थे।

## बिहार का रणक्षेत्र

# झंझारपुर में रामप्रीत-महासेठ को 'ललकार' रहे गुलाब यादव



**विद्यासागर**

**मधुबनी** से कट कर साल 1972 में गठित झंझारपुर लोकसभा सीट पर 2024 की लड़ाई 2019 से बिल्कुल अलग है। बीते 13 चुनाव में यहां से 11 बार पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसद बने हैं। जदयू के सीटिंग एमपी रामप्रीत मंडल को हराने के लिए इंडी गठबंधन से वीआइपी के सुमन कुमार महासेठ उतरे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन दोनों को एक बागी से चुनौती मिल रही है। विद्रोही उम्मीदवार कोई और नहीं, 2019 में राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाले गुलाब यादव हैं। वह हाथी (बसपा) पर बैठ कर रामप्रीत मंडल और सुमन कुमार महासेठ दोनों को 'ललकार' रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार गुलाब यादव को गंभीरता से नहीं ले रहे, लेकिन झंझारपुर में चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष में तब्दील हो जाये तो चौंकाने वाली बात नहीं होगी। झंझारपुर से विधायक रहे गुलाब यादव का परिवार राजनीति में है। पत्नी अंबिका गुलाब यादव एमएलसी हैं। वह मधुबनी जिला की लोकल बॉडीज से चुनी गयी थीं। बेटी जिला परिषद के अध्यक्ष का चुनाव जीत चुकी हैं।


2019 में झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में रामप्रीत मंडल जीते ने 602391 वोट हासिल कर राजद प्रत्याशी गुलाब यादव को 322951 वोटों से हरा दिया था। झंझारपुर में अनुमान के आधार पर यहां दलित (एससी) वोटर 13.5% हैं। एसटी की संख्या 0.1% है। कुल वोटरों में 13.9% वोटर मुस्लिम माना जाता है। 20 फीसदी ब्राह्मण और इतनी की संख्या यादव वोटर की आंकी जाती है। वीआइपी उम्मीदवार को उम्मीद है कि एमवाई समीकरण को बसपा में जाने से रोकने की जिम्मेदारी राजद संभाल लेगा। रामप्रीत मंडल के समर्थक खुलकर कह रहे हैं कि नीतीश और मोदी लहर में एंटी इनकंबेंसी जैसी कोई बात ही नहीं है। एनडीए प्रत्याशी रामप्रीत मंडल के माहौल में वोटरों का रुख करने के लिए जेपी नड्डा सभा भी कर चुके हैं। नड्डा ने विरोधी उम्मीदवारों की पार्टियों पर हमला किया। भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वालों का गठबंधन बताया।

# प्रियंका को जिताने के लिए जुटेगी 'स्पेशल 24' की टीम

**राजीव**

**कांग्रेस** के गढ़ रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम की घोषणा किसी भी पल हो सकती है। चुनाव प्रबंधन के लिए राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने जिले में 24 सदस्यों की समन्वय समिति का गठन कर दिया है, जिसमें हर विधानसभा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस के पांच बड़े चेहरे बैकअप में रहेंगे। इनमें खास नाम सुनील कानूगोलू का है, जो आइटी वॉर रूम के साथ रायबरेली के चुनावी समीकरणों के मद्देनजर चाणक्य की भूमिका निभायेंगे।

### हॉट सीट रायबरेली



रायबरेली से मैदान में कौन उतरेगा, इसका फैसला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ में है। शनिवार रात को कांग्रेस केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक में टिकट फाइनल करने का अधिकार पार्टी ने उन्हें ही सौंप दिया। मिशन रायबरेली को लेकर पिछले दो दिन से सरगर्मी बढ़ गयी है। जिला कांग्रेस कमेटी के साथ दिल्ली कोर कमेटी सक्रिय है। सभी की निगाह रायबरेली से टिकट की घोषणा पर टिक गयी है। फिलहाल प्रियंका गांधी का नाम तय माना जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं।

सोनिया गांधी ने रायबरेली के चुनाव को लेकर स्पेशल- 24 समन्वय समिति बना दी है। इसमें सोनिया गांधी के साथ उनके प्रतिनिधि केएल शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, बछरावां से पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी रहे सुशील पासी, हरचंदपुर से पूर्व विधायक सुरेंद्र विक्रम सिंह, सदर सीट से चुनाव लड़ चुके डॉ मनीष सिंह चौहान, सरेनी ने विधानसभा प्रत्याशी रहीं सुधा द्विवेदी, ऊंचाहार से प्रत्याशी रहे अतुल सिंह, बछरावां से विधानसभा प्रत्याशी रहे साहबशरण पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष रायबरेली शत्रोहन सोनकर, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रायबरेली मो इलियास, एआइसीसी के पूर्व सदस्य कल्याण सिंह गांधी, डीडीसी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीके शुक्ला को भी जगह मिली है।

## बैटल ऑफ बंगाल

# ममता बनर्जी के घर वाली सीट भवानीपुर में आखिर क्यों है चुप्पी

**शंकर**

जो भी जीतेगा, वह किसी की भलाई के लिए तो काम करेगा नहीं। पहले यहां सीपीएम थी, तब यहां प्रॉब्लम थी। अभी तृणमूल कांग्रेस है तो भी है। अगर, बीजेपी भी आ गयी तो क्या प्रॉब्लम बदल तो नहीं जायेंगी? फर्क कुछ नहीं पड़ेगा। सब ऐसा ही चलता रहेगा। भवानीपुर के लोगों ने ये बातें सीधे तौर पर कह दीं। इलाके में चाय के ठेले पर लोग राजनीति के बारे में बातें करते हैं। चौराहे पर तृणमूल की माला रॉय, ममता बनर्जी के साथ एक पोस्टर में हाथ जोड़े खड़ी हैं। माला ने पिछली बार भी जीत हासिल की थी। पिछली बार मुकाबले में बीजेपी के चंद्र कुमार बोस थे। इस बार देबश्री चौधरी हैं, जो टीएमसी के इस गढ़ पर इस बार बाजी पलटने का दावा कर रही हैं। लेफ्ट की ओर से सायरा शाह हलीम भी मैदान में हैं। पूरे इलाके में फिलहाल टीएमसी की ओर से किसी तरह के आक्रामक प्रचार का संकेत नहीं मिलता, जो दिखाता है कि पार्टी कोलकाता की इस सीट को लेकर कॉनफिडेंट है। 1991 से टीएमसी के पास रही इस सीट की लड़ाई का चेहरा भले ही माला हैं, लेकिन यह ममता बनर्जी का गढ़ है, यहां के कालीघाट इलाके के हरीश मुखर्जी लेन में उनका पैतृक घर है, जहां वह अब भी रहती हैं। कालीघाट मंदिर की वजह से इलाके में देशभर से सैलानियों का आना लगा रहता है। साथ ही इस इलाके में कोलकाता की कई ऐतिहासिक इमारतें भी दिख जायेंगी।



### मूर्तिकारों का इलाका

ममता के घर के आस पास वाले इलाके में कई मूर्तिकारों के घर हैं। वहां चुनाव पर कोई भी सवाल सुनने के साथ ही यहां की आबोहवा में सन्नाटा पसर जाता है। उनमें से एक शख्स कहता है, देखिए मूर्ति के बारे में कुछ भी पूछिए, लेकिन राजनीति और चुनाव के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। कालीघाट मंदिर से थोड़ी ही दूर मिठाई की एक बहुत पुरानी दुकान है। लोग-बाग वहां कचौड़ी और मिठाई खाने के लिए कतार में लगे थे। मिठाई के दुकानदार ने भी वही बात दोहरायी जो प्रतिमा बनाने वाले शख्स ने कही थी। उसने कहा, कलकत्ता आये हैं तो रसगुल्ला और संदेश खाइए, चुनाव और राजनीति की बातें क्या करना। साफ है इस इलाके में राजनीति और चुनाव को लेकर लोगों में अस्वाभाविक और असहज कर देने वाली चुप्पी है। उसी लेन में फार्मेसी की दुकान पर बैठे एक बुजुर्ग ने कहा कि वह कुछ बोलना चाहते हैं। नाम न छापने की शर्त वह कहते हैं, यहां चुनाव शुरू हो गये हैं और साथ ही हिंसा भी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर धर्म/जाति के शख्स को वह करने देने की इजाजत होनी चाहिए जो वह करना चाहता है। फिर उन्होंने यह भी पूछा कि एक नेशन एक लॉ क्यों नहीं होना चाहिए?

### लोगों के मन में हैं कई सवाल

बिड़ला तारामंडल के बाहर वाले चौराहे पर दफ्तर से घर जाने वालों की भीड़ खड़ी है। वहीं खड़े एक शख्स ने कहा कि यह समझने वाली बात है कि यहां वोटिंग अलग-अलग तरीके से होती है। लोग संसद के लिए अलग तरह से और असेंबली के लिए अलग तरह से वोटिंग करते हैं। वहां से थोड़ा आगे बढ़ते हुए हम आ जाते हैं रवींद्र सदन में। यहां आये कला प्रेमी राजनीति के बारे में बात नहीं करना चाहते। सदन के बाहर एक मार्केट कॉम्प्लेक्स हैं जहां लोग चाय और स्नैक्स के साथ बातचीत में जुटे हैं। ऊपर की ओर उठे एक ऐसे ही प्लैटफॉर्म पर दो युवा बैठे हैं। उनमें से एक गिटार बजा रहा है और जैसे ही वह किसी गाने की शुरुआत करता है, मैं उससे पूछता हूं, बताइये बंगाल का युवा क्या सोच रहा है? वह कहता है ज्यादा नहीं बोलूंगा, बस मेरा मन चाहे गेरुआ। आगे बढ़ने पर भवानीपुर के चाय एक की दुकान पर दफ्तर से छूटे कुछ लोगों की भीड़ जमा है। यहां चुनावी चर्चा चल रही है। एक शख्स कहता है कि फिलहाल यहां भले ही टेंपरेचर ऊपर जा रहा है लेकिन प्रचार ने तो गर्मी नहीं पकड़ी है। 40 साल के अमरेश पाल कहते हैं कि सेंटर में इस बार बीजेपी ही आयेगी, जहां तक नॉर्थ बंगाल की बात है तो पार्टी यहां बेहतर कर सकती है, लेकिन बाकी जगहों पर हमेशा की तरह टीएमसी का प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। उनके दोस्त सुभाष मंडल ने कहा कि टीएमसी और बीजेपी में ही मेन फाइट है। उन्हीं के साथ बैठे सुवेंदु दास कहते हैं, विपक्षी इंडी गठबंधन ने निराश किया है। मगर, एन चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी जिस तरह की गयी वह ठीक नहीं। एक अस्पताल में डॉक्टर देवदत्ता महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन पर बैठी किसी का इंतजार कर रही हैं। बीजेपी के कथित बढ़ते प्रभाव को लेकर वह सवाल करती हैं कि बंगाल में बीजेपी का चेहरा आखिर कौन है?

# तीसरे चरण में सैफई परिवार के दमखम का इम्तिहान

## यूपी का दंगल

**अक्षय**

यूपी में दो चरण के मतदान के बाद चुनावी रंग अब पूरी तरह तीसरे चरण की 10 सीटों पर चढ़ गया है। इस चरण की 10 में से आठ सीटों पर भाजपा तो दो सीटों पर 2019 में सपा को जीत मिली थी। इस बार इस चरण की सीटों पर चुनावी समीकरण थोड़े जुदा हैं। सैफई परिवार यानी स्व. मुलायम सिंह यादव के परिवार से तीन सदस्य इसी चरण की सीटों से चुनाव में हैं। सैफई कुनबे की सबसे बड़ी परीक्षा इस चरण में होने जा रही है। भाजपा ने भी वृहद रणनीति के तहत सैफई परिवार के प्रत्याशियों को मात देने के साथ ही इस चरण की सभी दस सीटें इस बार जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। तीसरे चरण की ये 10 सीटें ब्रज और रुहेलखंड की हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में संभल से शफीकुर्रहमान बर्क और मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी। इनमें से आठ सीटों पर कमल खिला था।

**मैनपुरी के रिकॉर्ड को बरकरार रखने की चुनौती डिंपल के सामने :** मैनपुरी समाजवादी पार्टी की सबसे सुरक्षित सीटों में शुमार है। करीब तीन दशक से सपा इस सीट पर काबिज है। मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई इस सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव यहां की सांसद चुनी गयीं। सपा प्रमुख ने इस चुनाव में डिंपल को इसी सीट से प्रत्याशी बनाया है। सपा के सामने इस सीट पर जीत के रिकार्ड को कायम रखने की चुनौती है। वहीं इस सीट पर भगवा लहराने के लिए भाजपा ने वृहद रणनीति के तहत प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं बसपा ने पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतार कर मुकाबले को रोचक बनाया है। यह ऐसी सीट है, जहां के चुनाव पर पूरे देश की नजरें हैं।

**बदायूं सीट पर इम्तिहान देंगे आदित्य यादव :** बदायूं सीट को भी सपा की वर्चस्व वाली सीटों में माना जाता है। 2009 और 2014 में सैफई परिवार के धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद चुने गये थे। बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच 2019 का चुनाव वह स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी और भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य से हार गये थे। इस सीट से हार की टीस अभी तक सपा नेताओं में है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार पहले तो चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया, लेकिन बाद में उन्हें आजमगढ़ से प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके बाद उन्होंने चाचा शिवपाल यादव को यहां से प्रत्याशी घोषित किया। इसके बाद यहां से शिवपाल यादव की जगह उनके पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया। कहा जाता है कि स्थानीय नेताओं की मांग पर आदित्य को टिकट दिया गया है। सपा के सामने इस बार भाजपा से दुर्विजय सिंह शाक्य प्रत्याशी हैं तो बसपा से मुस्लिम खान हैं। भाजपा यहां पर अपना कब्जा बरकरार रखने की कोशिश में है तो सपा इस सीट को फिर से पाने की जद्दोजहद में है। माना जा रहा है कि यहां पर कांटे का संघर्ष देखने को मिलेगा।



**फिरोजाबाद में खोयी साख वापस पाने की जद्दोजहद में सपा :** फिरोजबाद संसदीय क्षेत्र सपा के जातीय और दलीय समीकरणों के मुताबिक माना जाता है। 1999 और 2004 में सपा से रामजी लाल सुमन, 2009 में सपा से अखिलेश यादव इसी वर्ष बाद में हुए उपचुनाव में कांग्रेस से राजबब्बर और फिर 2014 में सपा से अक्षय यादव यहां से सांसद चुने गये थे। 2019 के चुनाव में चाचा शिवपाल के प्रसपा से इसी सीट से प्रत्याशी बन जाने के कारण अक्षय यादव को करीब 28 हजार मतों से हार का सामना करना पड़ा था। शिवपाल यादव 91 हजार से अधिक वोट पा गये थे, जिसकी वजह से भाजपा प्रत्याशी चंद्रसेन जादौन सांसद बने थे। अक्षय यादव सपा के राष्ट्रीय महासचिव डा रामगोपाल यादव के पुत्र हैं। इस बार भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद का टिकट काटकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने चौधरी बसीर को मैदान में उतारा है। इस चुनाव में मुलायम परिवार की एका भाजपा से यह सीट वापस पाने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए है, वहं भाजपा बदले प्रत्याशी के सहारे दूसरी बार मैदान मारने की कोशिश में है।

**मुस्लिम बाहुल्य संभल भी खास है सपा के लिए :** सपा ने संभल सीट से पहले मौजूदा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया था, उनका निधन हो जाने के बाद अब यहां से शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क पर भरोसा जताया है। जियाउर्रहमान कुंदरकी से सपा के विधायक हैं। इन पर इस सीट पर परिवार के वर्चस्व को कायम रखने की चुनौती है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर भाजपा ने पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी को प्रत्याशी बना कर 2014 में मिली जीत की कहानी दोहराने की कोशिश में है। इस सीट पर हारी हुई सीटों पर जीत के लिए भाजपा अपनी वृहद रणनीति पर काम कर रही है। वहीं बसपा ने सौलत अली को प्रत्याशी बना कर यहां के चुनाव को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है।

**इन छह सीटों पर भाजपा की साख लगी है दांव पर :** उपरोक्त चार सीटों के अलावा बरेली, फतेहपुर, आंवला, हाथरस, एटा और आगरा लोकसभा क्षेत्र इसी चरण में हैं। इन सभी सीटों पर वर्तमान में भाजपा के सांसद हैं। भाजपा के सामने अपनी इन सभी सीटों को फिर से जीतने की चुनौती है। इन सीटों पर इंडिया गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,900 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो



## कल्पना ने जनसभा को किया संबोधित, शिबू सोरेन भी रहे मंच पर




पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद कल्पना और अन्य नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन भी मौजूद रहे।

## बाबूलाल ने गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 29 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा के राजनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सिंहभूम से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

# सभी इडी दफ्तरों में होगी सीआइएसएफ की तैनाती

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिया बड़ा फैसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइबी की थ्रेट रिपोर्ट्स के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अहम फैसला लिया है, जिसके आधार पर देशभर के इडी दफ्तरों में अब रेगुलर बेसिस पर सीआइएसएफ जवानों की तैनाती होगी। जानकारी के मुताबिक पहले चरण में कोलकाता, मुंबई, रांची, रायपुर, जयपुर, जालंधर और कोच्चि के इडी दफ्तरों में सीआइएसएफ के जवान अपना मोर्चा संभालेंगे। बता दें, 5 जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भीड़ ने इडी की टीम पर उस वक्त अचानक हमला कर दिया था, जब टीम उत्तर 24 परगना जिले स्थित संदेशखाली में राशन वितरण में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में छापेमारी करने पहुंची थी। इडी टीम टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारने पहुंची थी। इसी बीच भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था।

## बैठक : जदयू ने एनडीए को समर्थन का एलान किया

# अबकी बार 400 पार, फिर मोदी सरकार: खीरू महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब में राज्यसभा सांसद खीरू महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने एनडीए को समर्थन का एलान किया। कार्यकर्ताओं को अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव में सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को साकार करना है और पुनः देश में मजबूत सरकार लानी है। जदयू कार्यसमिति की बैठक में जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सुशील सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह, रेणु गोपीनाथ, शैलेंद्र महतो, पिंटू सिंह, राजू महतो, दुष्यंत पटेल समेत अन्य शामिल थे।



### सांसद संजय सेठ ने की मुलाकात

सांसद संजय सेठ ने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो से उनके निवास पर मुलाकात की। साथ ही उन्हें दो मई को नामांकन में शामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, सागर कुमार, संजीव साहू भी थे।

## जनसभा : चतरा में जमकर गरजे मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव

# राम का जन्म स्थान पूछने वालों को राम भक्त सिखायेंगे सबक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के रामनारायण प्लस-टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सोमवार को भाजपा द्वारा एक चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी शामिल हुए। जनसभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया और संचालन सुमन सिंह उर्फ मंटू सिंह ने किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि राम और कृष्ण एक ही हैं। भगवान श्री राम के बाद भगवान श्री कृष्ण को लाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में हिंदुत्व के प्रति नफरत फैलाने का काम कर रही है, जिसे देश की जनता लोकतंत्र के इस चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना लिया है। उन्होंने उपस्थित जनमानस से मुट्ठी बंद कर संकल्प लेने और 20 अप्रैल को चतरा लोकसभा में भारी बहुमत से कमल फूल को खिलाने कर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील किया। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान उपस्थित जन मानस के द्वारा लगाये जा रहे जय श्री राम, जय हनुमान, योगी मोदी जिंदाबाद के नारों से पूरा सभा स्थल गूंज उठा। भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में और लोगों की उमड़ी जन सैलाब को देखकर डॉक्टर मोहन यादव ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया और देश के विकास और अपने बच्चों के भविष्य के लिए देश में कमल को खिलाने की फिर से एक बार अपील किया।

जनसभा को पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, लातेहार के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राजधानी यादव, ममता देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया, भाजपा नेता नागेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह मुन्ना सहित अन्य कई लोगों ने भी संबोधित किया।



### कालीचरण सिंह को भारी बहुमत से जितायें : बाउरी

वहीं सभा को संबोधित करते हुए झारखंड विधानसभा में भाजपा के प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि आज देश के कण-कण और जन-जन की आवाज नरेंद्र मोदी हैं। क्योंकि देश की जनता अपने देश का भविष्य और अपने बच्चों का भविष्य नरेंद्र मोदी के हाथों में बेहतर देख रही हैं। साथ ही अमर बाउरी ने स्थानीय प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी बहुमत से संसद भवन पहुंचाने की अपील चतरा लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं से किया।

# यशस्विनी सहाय 6 को करेंगी नामांकन

## सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं से मांगा आशीर्वाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय 6 मई को नामांकन दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस, झामुमो, राजद, वाम दल के नेता उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी उपस्थित रहेंगे।

इधर, यशस्विनी सहाय ने सोमवार को रांची सिविल कोर्ट परिसर जाकर वहां उपस्थित अधिवक्ताओं से अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। अधिवक्ता संजय विद्रोही ने घूम-घूम कर अधिवक्ताओं से परिचय कराया। अधिवक्ताओं ने यशस्विनी का अभिनंदन करते हुए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह और विनय सिन्हा दीपू उपस्थित थे।



# मतदान प्रतिशत बेहतर होने की उम्मीद: के रवि कुमार

### वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट के आयोजन से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आयेगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। वे सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गयी थी। इस कांटेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कांटेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी है। पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया।



झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम के रूप में 50 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड-प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार नकद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड-प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

## गिरिडीह पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कारवाई की

# चार किलो गांजा, 18.18 लाख कैश बरामद, संचालक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ पुलिस ने मिर्जागंज में एक गुमटी और घर से छापा मार कर 4 किलो गांजा के साथ 18 लाख रुपये कैश बरामद किया है। बताया जाता है कि गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को जमुआ थाना क्षेत्र के मिर्जागंज बाजार में सुरेंद्र साव की दुकान में गांजा बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिली थी कि सुरेंद्र साव गुमटी में बड़े पैमाने पर नशे का सामान बेचता है। उसके बाद एसपी ने एक्शन लिया है।

सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एसपी ने एसडीपीओ को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर सुरेंद्र साव के घर और (गुमटी) दुकान में छापेमारी की गयी। छापामारी के क्रम में 4 किलो गांजा, डेढ़ किलो गांजा एवं खैनी का मिश्रण, 680 पीस गोगो, गोगो बनाने वाला 12 पैकेट सामग्री एवं 18,18,700 रुपये नगद बरामद किया गया। वहीं इस मामले में गुमटी संचालक मिर्जागंज निवासी सुरेंद्र साव पिता लखन साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इधर इस छापेमारी के बाद मादक पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।



# हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने इडी को जारी किया नोटिस

### 6 मई को अगली सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर एसएलपी की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को हुई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना एवं दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने मामले में इडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। दरअसल, हेमंत सोरेन की ओर से इडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाले याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद भी आदेश जारी नहीं करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। सिब्बल ने कहा कि हाइकोर्ट का फैसला अब तक नहीं आने से हेमंत सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है। क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# मेडिका के डॉ विजय मिश्र को मिला सम्मान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ विजय मिश्र को उनकी मेहनत, जिम्मेदारीपूर्ण कार्यप्रणाली और सामाजिक भागीदारी के लिए टाइम्स ग्रुप द्वारा इंस्पायरिंग इंटेनसिविस्ट ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ मिश्र को उनकी उत्कृष्टता और चिकित्सा क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि फ्रांस की यूनिवर्सिटी पेरिस सैकले में थेरेप्यूटिक्स और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रोफेसर जीन लुई टेबौल थे। डॉ मिश्र की इस उपलब्धि पर मेडिका के अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त किया। डॉ मिश्र ने कहा कि इस सम्मान ने जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है और मुझे चिकित्सा क्षेत्र में मरीजों के प्रति और अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

## बायोम इंस्टीट्यूट के ओरियेंटेशन कार्यक्रम में शामिल हुए 1500 से अधिक विद्यार्थी

# विद्यार्थी फोकस कर परिश्रम करें, तो परीक्षा मुश्किल नहीं

### विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों ने दिया सफलता का मूलमंत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से सोमवार को ओरियेंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। गुरुनानक स्कूल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था की ओर से शुरू किये गये विभिन्न 23 बैच के 1500 से अधिक विद्यार्थी और अभिभावक शामिल हुए। ओरियेंटेशन प्रोग्राम का आयोजन 11वीं कक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों के लिए संचालित फाउंडेशन बैच, 11वीं कक्षा से 12वीं में दाखिल हुए विद्यार्थियों के फ्रेशर्स बैच और 12वीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए संचालित टारगेट बैच के लिए हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे विद्यार्थी जो मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी को अपना लक्ष्य मानते हैं, को विषय विशेषज्ञों के जरिये मार्गदर्शन देना था। मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह, शिक्षक वैंकट और प्रिया शामिल रहे।



### ...तो परिश्रम से ना भागे: पंकज सिंह

संस्थान के एमडी पंकज सिंह ने कहा कि 10वीं कक्षा के बाद विद्यार्थियों की पहली च्वाइस साइंस स्ट्रीम होती है। इसमें भी विद्यार्थियों को दो विकल्प पीसीबी और पीसीएम मिलता है। पीसीबी का चयन करने वाले विद्यार्थी शुरू से ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी को लक्ष्य बनाते है। यह परीक्षा आसान नहीं है। 720 अंक की परीक्षा में 600 से अधिक अंक का टारगेट रखना होगा। ऐसे में लक्ष्य यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा है, तो शुरू से कठिन परिश्रम करने की जरूरत है। परीक्षा में 50 से 55 फीसदी प्रश्न 11वीं से ही पूछे जाते है। ऐसे में नींव मजबूत होगी, तो लक्ष्य भेदना भी आसान हो जायेगा।

### शिक्षकों ने दिये सफलता के टिप्स

विषय विशेषज्ञ शिक्षक प्रिया, संतोष, शशिकांत, चंदन, रोशन, नेहा और मनीष ने विद्यार्थियों को नीट यूजी के लिए जरूरी विषयों से रू-ब-रू कराया। कहा कि साइंस पीसीबी का च्वाइस ले रहे विद्यार्थी जीवन के एक नये अध्याय में शामिल हो रहे हैं। विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ाई तो करनी ही होगी। साथ ही समय प्रबंधन पर काम करना होगा। इससे मेडिकल प्रवेश परीक्षा की समय रहते तैयारी हो सकेगी।

### फ्रेशर्स बैच के सात विद्यार्थियों को सम्मान

दूसरे सत्र में 11वीं से 12वीं कक्षा में दाखिल फ्रेशर्स बैच के सात विद्यार्थियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसमें दिव्या कुमारी, सिद्धार्थ अग्रवाल, अभिषेक केसरी, राहुल कुमार मिश्रा, करण सिंह, राघव राज और शिव राज रूद्र शामिल रहे।

## इंडी गठबंधन ने रामगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस कर मोदी सरकार पर बोला हल्ला

# आरक्षण और संविधान बचाना है : जेपी पटेल

### धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले देश में फैला रहे नफरत का जहर : अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** इंडी गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल और अन्य नेताओं ने सोमवार को होटल सैनी के सभागार में प्रेस कांफ्रेन्स कर मोदी सरकार पर जमकर बरसे। सभी ने एक साथ मिलकर केंद्र की सरकार को कठघरे में खड़े कर दिये। सभी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 400 पार का नारा दिया। लेकिन दो चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद ही 400 पार वाला नारा भूल गये। जिससे स्पष्ट हो गया कि देश का माहौल इंडिया गठबंधन के साथ है।

**लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर है:** जेपी पटेल ने कहा कि लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर है। जिस गरीबी हटाओ और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता ने भाजपा को सत्ता सौंपी थी, आज वही जानता आर्थिक तंगी से आत्महत्या कर रही है। किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है। देश के संसाधनों को मित्रों में बांटा जा रहा है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा बोलती थी वही पार्टी पूरे देश में घोटाले के आरोपी नेताओं को अपने वाशिंग मशीन में साफ कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अगर हस्तक्षेप नहीं किया होता तो इलेक्टोरल बॉन्ड भी जनता के बीच नहीं आता।




### उरीमारी में जेपी पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को जीत सुनिश्चित करने को लेकर उरीमारी सिदो-कान्हू चौक समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय में बड़कागांव विधनसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया और संचालन बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। संजीव बेदिया ने बैठक में उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पूरा समर्थन मिलेगा इसके लिए जितना भी प्रयास हमको करना पड़ेगा मैं प्रयास करूंगा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जितने भी विधानसभा आते हैं प्रत्येक विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यक्रम करूंगा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने का जनता से अपील करूंगा। वहीं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग जिला से ही नहीं पूरे भारत देश से उखाड़ फेकना है तभी यहां के आदिवासी मूलनिवासी का विकास हो सकता है। जब तक देश में भाजपा सरकार रहेगा तब तक आदिवासी मूलनिवासी गरीब तबके के लोगों का शोषण होता रहेगा। यह सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। आगे उन्होंने उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओं से हाथ छाप पर वोट मांगने और दिलाने का अपील किया। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, राजेंद्र बेदिया, उदय अग्रवाल, बीरेंद्र यादव, कृष्णा साव, सरोज मेहता, चरेंद्र बेदिया, शैलेंद्र यादव, संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, जगदीश साव, रमेश प्रसाद, राजू साव, लव कुमार महतो, अजिमा खातून, आसिया खातून, रोहन राम बेदिया, बालकुमार महतो, विनेश पासवान, इंद्रदेव राम, रेशमी टुडू मुकेश रावत, मोहन सोरेन, शंकर साव, सहित झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धरतीपुत्र के लिए चल रहा अंडर करंट : फागू बेसरा

को-ऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को धरतीपुत्र बताया। उन्होंने कहा कि इस धरतीपुत्र के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अंडर करंट चल रहा है। जयप्रकाश भाई पटेल के पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो आंदोलनकारी नेता रहे हैं। उन्होंने झारखंड के निर्माण के लिए आंदोलन किया और उसे एक मुकाम पर पहुंचाया । एक-एक घर का सदस्य का संबंध उनके साथ है। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह तानाशाही सरकार केंद्र में स्थापित है, उसे उखाड़ फेंकने के लिए जनता ने अपना मन बना लिया है। सबसे बड़ा आक्रोश झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने के लिए भी है। उसे जनता बर्दाश्त नहीं कर रही। हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उनके रहते झारखंड में उनकी मनमानी नहीं चलती। आज देश का मजदूर, किसान, युवा, खिलाड़ी वर्ग सभी नाराज हैं। कोल इंडिया के कई प्रोजेक्ट उनकी गलत नीतियों की वजह से बंद हो गए। आज बेरोजगारी का आलम यह है कि अपराध भी बढ़ता जा रहा है।

### भाजपा कर रही पावर का मिस्यूज, मैं भी हूं उसकी शिकार : अंबा

प्रेस कांफ्रेंस में अंबा प्रसाद ने भी भाजपा पर पावर का मिसयूज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह एक विधायक हैं, लेकिन पावर के मिसयूज का शिकार भी हो रही हैं। यही वजह है कि हमेशा विपरीत परिस्थितियों में ही उन्होंने चुनाव की जंग जीती है। पार्टी ने बहुत अच्छा प्रत्याशी जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पिछले सांसद को बहुत शक्तियां मिली थी। लेकिन विस्थापितों की ना तो समस्या दूर हुई और ना ही बिजली, पानी, सड़क, ट्रेन, एयरपोर्ट, स्कूल, हॉस्पिटल जैसे मूलभूत संसाधनों में कोई बदलाव आया।

**भाजपा उम्मीदवार पर इलेक्टरल बॉन्ड खरीदने का आरोप:** इधर हजारीबाग के उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने भी साढे चार करोड़ के इलेक्टरल बॉन्ड खरीदे थे। जनता के बीच पूरी स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा चंदा दो और धंधा लो, चंदा दो, टिकट लो की पार्टी बन गयी है।

**कोईलांचल में नहीं हुआ विकास, उनके पिता ने रखी थी नींव :** जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि रामगढ़ कोयलांचल का हिस्सा है। यहां विस्थापन एक बड़ा मुद्दा है। लेकिन यहां के कोलियरी से निकल गये कोयले को अडानी और अंबानी के पावर प्लांट में भेजा जा रहा है। यहां के सभी संसाधन बाहर जा रहे हैं और यहां के लोग बिजली, पानी, सड़क और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो को भी याद किया और कहा कि जिस धरतीपुत्र ने झारखंड को बनाया, आज उनका बेटा चुनावी समर में है। जनता उस धरतीपुत्र को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिए उन्हें वोट करेगी।

**राम के नाम पर वोट मांगने वाले देश में फैला रहे नफरत :** प्रेस कांफ्रेंस में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भाजपा निर्देश को नफरत की भट्टी में झोंक दिया है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई हर समाज को अलग वर्गों में बांट दिया है। उनकी नफरत का बीज का असर नहीं हो रहा तो वह राम के नाम पर लोगों को बरगला रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे देश में राम एक विशेष दल के हो गये हैं। राम राज्य तभी आयेगा जब हर धर्म, जाति और नारी का सम्मान होगा।

### नामांकन कार्यक्रम को लेकर बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** राजद कार्यालय में सोमवार को महागठबंधन के प्रत्याशी के द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन को लेकर बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार यादव और संचालन देवलाल यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी के इन त्रिपाठी भी मौजूद थे। 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन कार्यक्रम अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने पर जोर दिया गया। आपसी मतभेद और गिला शिकवा को खत्म कर चुनाव मैदान में कमर कसकर महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करते हुए भारी मतों से जीतने का निर्णय लिया गया। चुनाव को लेकर 21 सदस्यीय कोर कमेटी का चयन किया गया। इस मौके पर चतरा लोक सभा प्रत्याशी अरुण कुमार यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, मंत्रीप्रतिनिधि देव लाल यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, सतेश्वर यादव, राजदेव यादव, वकील खान, मनीष यादव, मो फैयाज, सुरेश पासवान, जयराम भुईया, चैतू यादव, रेनू दास, दीपा भारती, कपिल यादव, जितेन्द्र यादव सहित अन्य लोग हुए शामिल।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा. धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी। |
| वृष | पढ़ाई-लिखाई और चिंतन-मनन में रूचि बढ़ेगी, लाभकारी प्रयास सफल होगा। |
| मिथुन | रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे। |
| कर्क | अध्ययन, अध्यवसाय,भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी, व्यापार-व्यवसाय में सफलता। |
| सिंह | आमदनी होने पर भी बचत की कमी दिखाई देगी. सफलता की ओर अग्रसर होंगे। |
| कन्या | सरकारी उच्चाधिकारियों पर आपकी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नयी आशाओं का उदय होगा। |
| तुला | परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे. आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। |
| वृश्चिक | बुद्धि-कौशल से हर जगह प्रशंसा प्राप्त करेंगे, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी। |
| धनु | शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| मकर | रहन-सहन,भोजन-शयन तथा निवास स्थान का उत्तम सुख मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि। |
| कुंभ | स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। |
| मीन | अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |

### मांडू में कोयला लदा ट्रक जब्त

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू पुलिस ने थाना क्षेत्र के बोंगाहरा (चौथा नदी) के समीप अवैध कोयला से लदा एक ट्रक को जब्त किया। हलाकि ट्रक चालक और इसमें संलिप्त लोगों को पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गये। पुलिस जब्त ट्रक को थाना परिसर ले आयी। और कागजी प्रक्रिया पूरी कर अज्ञात मालिक और चालक पर मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव अपने सशस्त्र बल के साथ थाना क्षेत्र में गस्ती कर रहे थे, कि अचानक ट्रक संख्या यूपी52टी/ 3131 पर नजर पड़ी। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रक को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि ट्रक पर करीब 25 मैट्रिक टन स्टीम कोयला लदा हुआ है।

### महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता चतरा में लेंगे भाग



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** महागठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने टंडवा प्रखंड प्रचंड मतो से विजय बनाने के लिये कमर कस रहे है। सोमवार को मध्य जिला परिषद् सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष टंडवा सुभाष यादव के नेतृत्व में उनके आवास पर बैठक किया गया। बैठक में निर्णय ली गयी की सुभाष यादव नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ियों के साथ महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता कांग्रेस उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के नामांकन में आज भाग लेंगे। इस मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आशिक, आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, राहम पंचायत मुखिया विश्वजीत उरांव, उप मुखिया मोहन उरांव, रामदेव गंझु, विक्की पांडेय और टंडवा चुनाव प्रभारी बृजकिशोर तिवारी, शंकर तिवारी सहित कई उपस्तिथ थे।

### सीपीआइ के अर्जुन कुमार और दीपक कुमार गुप्ता ने स्वतंत्र रूप से दाखिल किया नामांकन





**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष में चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष सीपीआई के अर्जुन कुमार ने एक सेट में तथा झारखंड खतियान बचाओ संघर्ष समिति के प्रत्याशी दीपक कुमार गुप्ता ने स्वतंत्र रूप से दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन तक कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वही अब तक अनेक प्रत्याशियों द्वारा कुल 23 फॉर्म क्रय किये गये हैं। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह तथा निर्दलीय अभिषेक कुमार सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। ज्ञात होगी की लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में चतरा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव होना है। इसके लिए 26 अप्रैल से 3 में तक नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ है।

### चतरा लोकसभा झापा प्रत्याशी दर्शन गंझू 30 अप्रैल को करेंगे नामांकन दाखिल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी दर्शन गंझु 30 अप्रैल को झारखंड पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, रिजवान खान सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी और खरवार भोगता समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड पार्टी के नेता विश्वनाथ गंझू ने बताया कि चतरा लोकसभा प्रत्याशी दर्शन गंझु के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों सहित हजारों की तादाद में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। सभी लोग चतरा स्थित नीलाम्बर पीताम्बर स्मारक स्थल पर जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते अपने सांस्कृतिक गाजे बाजे के साथ चतरा समाहरणालय पहुंचेंगे।

### अस्पताल में हो रही अनियमितता को लेकर डीसी को सौंपा आवेदन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रेफरल अस्पताल भरेचनगर में सरकारी काम में अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराने को लेकर समाजसेवी रवि कुमार ने उपायुक्त से मिलकर एक आवेदन सौंपा है। रेफरल अस्पताल भरेचनगर में इंजीनियर और संवेदक के द्वारा सरकारी काम में अनियमितता बरती जा रही है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गयी है। आवेदन में कहा है कि पूर्व में मेरे और अन्य ग्रामीणों के द्वारा डीसी और सिविल सर्जन रामगढ़ से मिलकर जर्जर अस्पताल के नवनिर्माण हेतु मांग पत्र सौंपी गयी थी। जिसको उपायुक्त रामगढ़ ने संज्ञान लेते हुए रेफरल अस्पताल की स्थल का निरीक्षण किया। तब कहीं जाकर रेफरल अस्पताल का नवनिर्माण का कार्य धरातल पर उतर पायी है। जिससे आम जनता को काफी लाभ होने लगी। आवेदन में आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में बिना किसी भूमि पूजन के आम जनता को धोखे में रखकर किया जा रहा है। जैसे की इंजीनियर और ठिकेदार के द्वारा बोरिंग की गहराई में कमी इस्टीमिट के अधार पर नहीं की गयी। चिप्स का साइज भिन्न है। लोकल रड छड़ का उपयोग और मैटेरियल की गुणवत्ता में अनियमितता बरती जा रही है। जैसे तैसे तेजी से कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को काम नही देने और जल्दबाजी में इंजीनियर की अनुपस्थिति में काम को किया भी किया जा रहा है। इन सभी विषयों से डीसी चंदन कुमार के समक्ष रवि कुमार और अन्य ग्रामीणों के द्वारा विस्तार पूर्वक संवेदक और इंजीनियर की लापरवाही और गुणवत्ता के खिलवाड़ को लेकर और निर्माण कार्य के प्रति अपनी बातों को रखा है। इधर डीसी ने मामले को गंभीरता से लिया है। साथ ही अधिकारी को निर्देशित करते कहा कि निरीक्षण टीम बनाकर निर्माण स्थल पर जाकर जांच करने का निर्देश दिये।

### 40 लीटर महुआ शराब और 600 किलो जावा महुआ जब्त



**लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग ने की छापेमारी**

**अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में छापेमारी चलाया अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। रामगढ़ थाना अंतर्गत मडुवाजारा, कैथा आदि जगहों में संचालित अवैध शराब भट्टियों में सघन व व्यापक छापामारी कर कुल 40 लीटर अवैध चुलाई शराब और 600 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेस कुमार, सशस्त्र गृहरक्षक के जवान विनय सिंह, मनोज महतो, कमलेश कुमार, नंदलाल महतो आदि शामिल थे। उक्त छापेमारी अभियान में सौदागर मोहल्ला निवासी अनिल साव एवं मडुवाजारा निवासी दिलीप महतो के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

### पुलिस की पहल से पश्चिम बंगाल का विक्षिप्त युवक पहुंचा घर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पुलिस को लेकर अक्सर लोग दिमाग में गलत ही विचार रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है वे भी इंसान है। कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने मानवता की बड़ी मिसाल पेश की है। उन्होंने एक माह से लापता मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक सालाबारी पूर्वा डूरामारी, पश्चिम बंगाल का रहने वाला प्रमोद राय का एकलौता पुत्र 26 वर्षीय प्रकाश राय का अस्पताल में इलाज व भोजन कराकर परिजनों को सौपने का कार्य किया है। जो क्षेत्र में कुजू ओपी द्वारा किए गए मानवता की चर्चा एवं सराहना हो रही है। इधर, प्रकाश के मामा सह सिलीगुड़ी निवासी धनेश्वर राय ने भी पुलिस टीम का आभार प्रकट किया है।

### सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, तीन घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रांची मुख्य मार्ग के पतरातू पेट्रोल पंप के निकट सोमवार को एक टेंपो अनियंत्रित हो कर पलट गया जिससे टेंपो में सवार एक 5 वर्षीय बच्चे खूंटी निवासी आयुष कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही तीन अन्य लोग घायल हो गये घायलों में बुडमू निवासी जगमोहन महतो, खलारी निवासी अर्जुन महतो, पीटीपीएस निवासी अशोक कुमार है। जिनको प्राथमिक इलाज के लिए पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। टेंपो में सवार लोग रजरप्पा से शादी समारोह से वापस टेंपो से बुढ़मू लौट रहे थे। जानकारी मिलने के बाद पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सहित सशस्त्र बल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

### ओलिंपियाड के सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के बच्चों ने ब्लूमकैंप एडवेंचर के द्वारा आयोजित ब्लूम ओलिंपियाड में सफलता का परचम लहराया है। सोमवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य विजयंत कुमार ने बच्चों को प्रशस्ति-पत्र, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ब्लूम ओलिंपियाड के विभिन्न विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर, अर्थशास्त्र, एकाउंटेंसी और इंग्लिश विषयों में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से बच्चों ने गोल्ड, ब्रांज और सिल्वर मेडल जीता। साथ ही साथ वैभव कुमार गुप्ता को नेशनल रैंक दो, शैलेश कुमार को नेशनल रैंक 11वां और अनीश कुमार दास को नेशनल रैंक 6वां प्राप्त हुआ। इस अवसर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विभिन्न प्रकार के ओलिंपियाड से बच्चों के कंपीटीशन लेवल में सुधार आता है। उनमें आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है और विभिन्न प्रकार के समसायिक घटनाओं के बारे में अवगत होते हैं और शैक्षणिक स्तर बढ़ता है। प्रतियोगिता में सफल होने वाले में शैलेश कुमार, शाहीन फातिमा, पम्मी कुमारी, पियूष करमाली, जतिन कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार दास, शिवांशु शेखर, माही कुमारी, जरा हयात, रिचा कुशवाहा, वैभव कुमार गुप्ता शामिल है। बच्चों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।


### शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-1948, दिनांक- 29.04.2024 मैं झुबलन निशा, पति का नाम मजिद मियां एवं पिता का नाम स्व० शहबली अंसारी, पेशा गृहणी, निवास स्थान सिंह टोला हेहल थाना पतरातू जिला रामगढ़ (झारखण्ड) राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न ब्यान करता हूँ कि :- 1 यह कि मेरा नाम झुबलन निशा और मेरे पति का सही एवं वास्तविक नाम मजिद मियां, जो मेरे आधार कार्ड में अंकित है। 2 यह कि केवल दस्तावेज में मेरा नाम झबुलन निशा और मेरे पति का नाम अब्दुल मजिद है, जो निबंधन कार्यालय गोला से निबंधित है। जिसका दस्तावेज संख्या 3522 दिनांक 06/04/1972 ई० के बुक नं0 01 भेलुम नं0 60 पेज नं0 177 से 179 तक के सन् 1972 ई० में निबंधन कार्यालय गोला में निबंधित है। 3 यह कि मेरा नाम झुबलन निशा उर्फ झबुलन निशा एक ही महिला है, जो मैं स्वमं हूँ तथा मेरे पति का नाम मजिद मियां उर्फ अब्दुल मजिद एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरे पति है, जो सत्य वो सही है। 4 यह कि यह शपथ-पत्र निबंधन कार्यालय में निबंधन हेतू निष्पादित कर रही हूँ।


## मांडू में धूमधाम से मनाया गया सरहुल

### प्रकृति पूजा के बिना सृष्टि का निर्माण नहीं हो सकताः फागू



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** प्रकृति का महापर्व सरहुल पूजा सोमवार को मांडू में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर मांडू बलसगरा पथ के निकट सड़क के किनारे धर्मगुरु राजेश लिंडा, पहान राजू करमाली और जोधन मुंडा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शॉल वृक्ष और सरना झंडा गाड़ कर पूजा की शुरुआत की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा और विशिष्ट अतिथि राजी पड़ा प्रार्थना सभा के राष्टीय अध्यक्ष नीरज मुंडा और राष्टीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति पूजा के बिना सृष्टि का निर्माण नहीं हो सकता। इसलिए प्राकृतिक पेड़, पौधा, जल, जंगल की पूजा ही आदिवासियों का प्रथम धर्म है। इसके बिना सृष्टि और किसी भी जीव जंतु का विकास संभव नहीं है। धर्म से ही शांति समृद्धि का कल्पना संभव है। साथ ही धर्म, संस्कृति, सभ्यता, वेशभूषा और भाषा को बचाना अत्यंत जरूरी है। आदिवासियों के हक अधिकार के लिए जल जंगल जमीन की रक्षा करने और कानूनी की जानकारी के लिए शिक्षा पर ध्यान देना है। हमेशा समाज को अधिकार लेने के लिए आंदोलन के लिए तत्पर रहना पड़ेगा। आदिवासियों की जमीन, खनिज संपदा लूटते जा रहा है, जिसे बचाना बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैजनाथ करमाली और संचालन जगत करमाली ने किया। कार्यक्रम को जिला परिषद वासुदेव करमाली, जलेश्वर करमाली, संदीप उरांव, संदीप टोप्पो, सुषमा उरांव, रोजे करमाली, सुनील करमाली, पचदेव करमाली,शंकर करमाली, श्रवण करमाली, निर्मल करमाली, भुनेश्वर बेदिया, सुभाष उरांव, प्रकाश करमाली, मुखिया बैजनाथ राम, मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, विवेक कुमार गुप्ता, मनकुंवारी देवी, सीता देवी,पंकज गुप्ता, अर्जुन राम, नवरत्न कुमार ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरहुल समिति के अध्यक्ष गणेश करमाली, सचिव विष्णु करमाली, कोषाध्यक्ष राजू करमाली के अलावा विनोद करमाली, अनिल करमाली, तिलक करमाली, नागेश्वर करमाली, मुटूकधारी करमाली, प्रदीप करमाली, जरदेव करमाली, सुधी करमाली, संजय करमाली, प्रेम करमाली, अनु करमाली, सुरेंद्र करमाली, उमेश कुमार, विजय कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

# युद्ध के विरुद्ध छात्रों का प्रदर्शन

गाजा में हमास और इस्राइल के बीच चल रही जंग के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों का दायरा फैलता जा रहा है। शनिवार को हुई सालाना वाइट हाउस रिपोर्टर्स डिनर पार्टी भी इसके साये से नहीं बच सकी। गाजा में आम फलस्तीनी आबादी पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन तो काफी पहले से हो रहे हैं, लेकिन कुछ खास जगहों पर किये जा रहे इन प्रदर्शनों का स्वरूप शुरू में सांकेतिक ही था। मामला गंभीर तब हुआ, जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोटेस्ट शुरू हुआ और वह कई और विश्वविद्यालयों में फैल गया। छात्रों का कहना है कि इन संस्थानों को इस्राइल से अपने वित्तीय संबंध खत्म कर देने चाहिए और उन कंपनियों से भी दूरी बनानी चाहिए, जो उनके मुताबिक गाजा में इस्राइली अभियान को आगे बढ़ाने में मदद दे रही हैं। जब प्रशासन ने इन प्रदर्शनों को बंद करने के लिए सख्त कदम उठाने की कोशिश की, तब मामला और भड़क गया। न केवल इसका स्वरूप देशव्यापी हो गया, बल्कि कई यूनिवर्सिटी में फैकल्टी मेंबर्स भी प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में आगे आये। अब तक 100 से ज्यादा गिरफ्तार किये जा चुके हैं। इन प्रदर्शनों ने कूटनीतिक हलकों में भी हलचल बढ़ाई है। जहां इस्राइल सरकार ने इनकी सीधे शब्दों में निंदा करते हुए इनके खिलाफ सख्ती बरतने की अपील की है, वहीं भारत ने इसे अमेरिकी लोकतंत्र के लिए परीक्षा की घड़ी बताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें इस आधार पर आंका जाता है कि हम अपने घर में क्या करते हैं, इस आधार पर नहीं कि हम विदेश में क्या कहते हैं। भारत की इस प्रतिक्रिया को अपने आंतरिक मामलों में अमेरिका की बढ़ती दखलंदाजी का सांकेतिक विरोध माना जा रहा है। भारत की आपत्ति के बावजूद अमेरिका की ऐसी कोशिशें हाल के दिनों में बढ़ी हैं। ताजा मामला अमेरिकी विदेश मंत्रालय की मानवाधिकार रिपोर्ट का है, जिसे भारत ने पूर्वाग्रहों से प्रेरित बताया है। चुनावी साल में ये प्रदर्शन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। गाजा में मृतकों की बढ़ती संख्या हालात को और गंभीर बना रही है। 7 अक्टूबर को हुए हमास के आतंकी हमले के बाद शुरू हुई इस जंग में अब तक 34,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। लड़ाई थमने की सारी संभावनाएं बंधकों की रिहाई को लेकर दोनों पक्षों में समझौते की उम्मीद पर टिकी है। युद्धविराम के एक नये प्रस्ताव पर विचार की बात हमास नेतृत्व ने मानी जरूर है, लेकिन अभी तक ऐसा कोई ठोस संकेत नहीं दिखा है, जो दोनों पक्षों में समझौते की उम्मीद जगाये।

**भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें इस आधार पर आंका जाता है कि हम अपने घर में क्या करते हैं, इस आधार पर नहीं कि हम विदेश में क्या कहते हैं। भारत की इस प्रतिक्रिया को अपने आंतरिक मामलों में अमेरिका की बढ़ती दखलंदाजी का सांकेतिक विरोध माना जा रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनायी गयी। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व्यक्ति तथा समाज के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। जिसके अंतर्गत न केवल शिक्षा के विषय वस्तु में परिर्वतन किया गया, अपितु शिक्षा विधि को विद्यार्थी केंद्रित बनाने का प्रयास किया गया है। वास्तव में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उदेश्य शिक्षा को सर्वसमावेशी बनाना है) जिसमें व्यक्ति बिना किसी जाति, धर्म, और प्रजातिगत भेदभाव शिक्षा के समान अवसर प्राप्त कर सकेगा।**

# नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को साकार करता रांची विश्वविद्यालय



**डॉ अजीत कुमार सिन्हा**




21वीं शताब्दी मानव सभ्यता के ज्ञान विस्फोट की अवस्था बतायी जा रही है। मनुष्य की असीम जिज्ञासु प्रवृत्ति ने जिस ज्ञान ज्योति को प्रज्ज्वलित किया है उसका सतत विस्तार हो रहा है। किसी भी समाज में ज्ञान के प्रसार की प्रक्रिया शिक्षा के माध्यम से ही संभव होती है। शिक्षा दोहरी तलवार होती हैस जिसमें विकास और विनाश दोनों के बीज निहित होते हैं। शिक्षा के सदुपयोग से जहां किसी भी समाज को चरम उत्कर्ष तक पहुंचाया जा सकता है, वहीं इसके दुरुपयोग से किसी भी राष्ट्र को पतन के रसातल में ढकेला जा सकता है। भारत राष्ट्र इसका अप्रतीम उदाहरण है। अपनी ज्ञान विरासत द्वारा पूरे विश्व को अपना लोहा मनवाने वाला विश्व गुरु भारत शिक्षा के पतन के कारण ही औपनिवेशिक जंजीरों में जकड़ा गया। मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीयों के रूप में ऐसे ब्रिटिश मानस पुत्रों को पैदा किया, जो अपना स्वरूप भूल कर अपने ही राष्ट्र के विरोध में ही खड़े हो गये। स्वतंत्रता के पश्चात भी भारत में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से नहीं जोड़ा गया, जिससे समाज में विखंडकारी तत्वों को प्रश्रय मिला।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनायी गयी। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व्यक्ति तथा समाज के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। जिसके अंतर्गत न केवल शिक्षा के विषय वस्तु में परिर्वतन किया गया, अपितु शिक्षा विधि को विद्यार्थी केंद्रित बनाने का प्रयास किया गया है। वास्तव में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उदेश्य शिक्षा को सर्वसमावेशी बनाना है) जिसमें व्यक्ति बिना किसी जाति, धर्म, और प्रजातिगत भेदभाव शिक्षा के समान अवसर प्राप्त कर सकेगा। इसके लिये नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में चार मूल उद्देश्य निर्धारित किये गये हैं-प्रवेशन, साम्यता, वहनीयता और उत्तरदायित्वपूर्णता। इसके साथ-साथ भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए इस नीति को प्राचीन ज्ञान परंपरा के पुनरोत्थान पर केंद्रित किया गया है। वास्तव में इस शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में पुनर्प्रतिष्ठित करना है। झारखंड के छोटानागपुर पठार के प्राकृतिक सुषमा के गोद में अवस्थित रांची विश्वविद्यालय नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला झारखंड राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय है। अगस्त 2022 से नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन प्रारंभ हो चुके हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड का अग्रणी प्रतिष्ठित संस्थान होने की महती जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए रांची विश्वविद्यालय द्वारा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार के लिए कई संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमारे शिक्षकों ने पूरे झारखंड के विश्वविद्यालयों के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप एकीकृत पाठ्यक्रम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

**नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मूल उद्देश्य शिक्षण संस्थानों को बहुल अनुशासनात्मक बनाना है।**

नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मूल उद्देश्य शिक्षण संस्थानों को बहुल अनुशासनात्मक बनाना है। देश में अब तक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध के गुणवता के अनदेखी की गयी है। गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़वा देने के लिए इस नीति में राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन की स्थापना करने का लक्ष्य है। रांची विश्वविद्यालय भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापरक, नवीन, प्रसांगिक और क्रियाशील शोधों के प्रति उच्च प्रतिबद्धता रखता है। विश्वविद्यालय में आज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित शोध के उच्च मानकों को बनाये रखने के लिए शोधार्थियों के शोध प्रस्ताव शोध गंगोत्री पर तथा शोध प्रबंधों को शोध गंगा पर अपलोड किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार के साहित्यिक चोरी की संभावना से बचा जा सके। शोध को गुणवत्तापरक बनाने की दिशा में ही विशेष शोध केंद्र तथा पब्लिकेशन डिविजन की स्थापना की गयी है, जहां शिक्षकों तथा शोधार्थियों को शोध के क्षेत्र में उचित दिशा निर्देश तथा प्रकाशन के लिए उच्च स्तर की सुविधा प्रदान की जा रही है।

रांची विश्वविद्यालय नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और नियोक्ता बनाने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा के प्रोत्साहन की दिशा में भी प्रमुखता से कार्य कर रहा है। भारत सरकार की डिजिटल भारत योजना के अंतर्गत दिसंबर, 2022 में रांची विश्वविद्यालय के लगभग सभी महाविद्यालयों और विभागों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की गयी, जहां विद्यार्थी अपनी सभी जरूरी सूचनाएं शीघ्रता से और डिजिटल रूप में प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही दिसंबर, 2022 में ही भारत सरकार की सीएसइ एजुकेशन सर्विस के साथ एमओयू करने वाला रांची विश्वविद्यालय झारखंड का प्रथम विश्वविद्यालय बना, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अल्पावधि रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के द्वारा बेहद कम शुल्क अथवा निःशुल्क उपलब्ध कराना है। भारत सरकार की स्टार्टअप योजना के अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इसका मूल उद्देश्य अपने विद्यार्थियों को हुनरमंद और कौशलपूर्ण बनाना है। इसके अंतर्गत लगभग पांच करोड़ के कोष से इन्नोवेशन सेंटर की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। यह विद्यार्थियों के उद्यमशील, नवोन्मेषी, आत्मनिर्भर, कौशलपूर्ण, और सशक्त बनाने में सफल होगा। रांची विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की 102 ईकाइयों के माध्यम से अपने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकार वाले मुद्दों पर संवेदनशील बनाने हेतु प्रयासरत है।

रांची विश्वविद्यालय भाषा के क्षेत्र में रोजगारपरकता को देखते हुए जापान तथा अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ एमओयू करके अंतर-भाषायी अध्ययन को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही साथ झारखंड राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं तथा लिपियों के प्रोत्साहन, संरक्षण और संवर्द्धन के लिए नौ क्षेत्रीय भाषाओं के पृथक-2 विभाग स्थापित करके झारखंड की बहुरंगी पहचान को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। खेलकूद, कला तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में देश भर के विश्वविद्यालयों के साथ रांची विश्वविद्यालय विनिमय कार्यक्रम चला रहा है ताकि झारखंड के युवा विद्यार्थी देश की विविधतापूर्ण गतिविधियों, संस्कृति, शिक्षा, कला आादि से अवगत हो सकें। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में पत्रकारिता एवम् जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों का एक दल मुंबई विश्वविद्यालय की गतिविधियों, कला और संस्कृति से अवगत हुआ।

नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब समाज के निचले पायदान पर खड़े ग्रामीण, आदिवासी, दलित और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा उपलब्ध करायी जा सके। रांची विश्वविद्यालय इस दिशा में पूरी ऊर्जा के साथ सतत प्रयासरत है।

रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत भारत सरकार के पांच आंकांक्षी जिले (खूंटी, रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा) आते हैं, जो आदिवासी बाहुल्य के साथ-साथ अशिक्षा, बेराजगारी, मानव तस्करी, पलायन, बाल व महिला अपराध आदि जैसी समस्याओं से घिरे हैं। अपने अंगीभूत महाविद्यालयों के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय इस क्षेत्र की समस्याओं और चुनौतियों पर बारीकी से काम करते हुए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है। झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में रांची विश्वविद्यालय नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक सुनिश्चित योजना के अंतर्गत कार्यरत है।

बहुत शीघ्र ही आने वाले दिनों में इसके सुखद परिणाम प्राप्त होने लगेंगे। निःसंदेह भारत को विश्वगुरु और विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प सार्वजनिक शिक्षा तंत्र को विद्यार्थी केन्द्रित, शोध केंद्रित, संस्कार केंद्रित, कौशलपरक, सर्वसुलभ और नवचारी बनाकर ही प्राप्त किया जा सकता है।

**(लेखक : रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार 09- जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी। सोमवार को जिला समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को लोकसभा निर्वाचन से संबंधी महत्वूर्ण जानकारी दी गयी। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया जारी अधिसूचना के अनुसार 06 मई तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 07 मई को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित की गई है। 09 मई तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 25 मई को मतदान व 04 जून को मतगणना होगी। उन्होनें बताया जिले में कुल 1132 पोलिंग स्टेशन के 1887 बूथ पर 25 मई को 1862364 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया 22 जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 1830866 मतदाता थे। 28 अप्रैल तक की अधतन सूची में 32000 नए मतदाता को जोड़ा गया। मतदाता में 934251 पुरूष, 927981 महिला व 132 ट्रांसजेडर शामिल है। जिले में 15869 - पी डब्लू डी, 8456 - 85+ आयु वर्ग, 66190 युवा व 9324 पीभीटीजी वोटर हैं। उन्होंने कहा चुनाव आयोग द्वारा 2 व्यय प्रेक्षक, 01 सामान्य प्रेक्षक व 01 पुलिस प्रेक्षक जिले के लिए नामित किए गए। 30 पोलिंग स्टेशन में महिला मैनेज्ड, 01 दिव्यांग मैनेज्ड व 01 युवा मैनेज्ड सहित 02 यूनिक पोलिंग स्टेशन व 01 बूथ को थीम आधारित बनाये जाने हेतु चिन्हित किया गया।24 अप्रैल को ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया दूसरा 10 मई को किया जायेगा। एलबीएसएम कॉलेज से बहरागोड़ा,घाटशिला,पोटका व कॉपरेटिव कॉलेज से जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी व जुगसलाई विधानसभा की पोलिंग पार्टी 24 मई को रवाना होंगी। कॉपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर को बज्रगृह और मतगणना स्थल के लिए चिन्हित किया गया। 04 जून को मतगणना होगी। 952 पोलिंग स्टेशन पर दिव्यांग जनों के लिए व्हील चेयर व सभी मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम मूलभूत सुविधा उपलब्ध रहेगी। गर्मी को देखते हुए शेड, पेयजल व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी।अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट 12, अंतर्जिला चेकपोस्ट 06 कुल 18 जगहों पर सघन वाहन जांच के लिए चेकनाका स्थापित हैं। 230 सेक्टर पदधिकारी,18 उड़नदस्ता, 21 स्थैतिक निगरानी दल, 06 वीडियो देखने वाली टीम,14 वीडिया सर्विलांस टीम सक्रिय हैं। व्यय निगरानी के लिए सभी छह विधानसभावार सहायक व्यय पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई। राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण और पेड न्यूज की निगरानी के लिए एमसीएमसी गठित है। चेकिंग के दौरान 68 लाख रू. बरामदगी हुई है।अनिवार्य सेवा के लोग 19 से 22 मई तक आईटीडीए कार्यालय के हॉल में मतदान करेंगे।14 से 18 मई तक चुनावी ड्यूटी में लगाए गए सेक्टर पदाधिकारी, एफएसटी, एसएसटी, भीभीटी, कोषांगों के कर्मी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, विशेष शाखा, एसएपी, जीआरपी, सीटीसी,जेप 06,आईआरबी -2, एसीबी शामिल है। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम कार्यालय में 14 से 18 मई तक मतदान कर्मी व बीएलओ, 14 से 19 मई तक होम वोटिंग फॉर एबसेन्टी वोटर का पहला चरण, 21 एवं 22 मई को दूसरा चरण का पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जायेगा। जिला नियंत्रण कक्ष 2477 कार्यरत है, जिसकी दूरभाष संख्या 0657-2440111, 0657-2221717, 0657-2221718 और 1950 हेल्पलाइन नंबर है। 13 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ है जो 01 जून तक चलेगा।मतदाता सूची पर्ची का वितरण 11 मई से 18 मई तक किया जायेगा। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया निष्पक्ष व शांतिरपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती रहेगी। अपराधिक प्रवृत्ति वाले 20 लोगों के विरूद्ध सीसीए के तहत कार्रवाई, 04 निरूद्धादेश, 2500 लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। 1178 आर्म्स थाना में जमा कराये गये हैं। जिन्होने सत्यापन नहीं कराया है उनका आर्म्स लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई जारी है।

## रानी कुमारी जोबा मांझी के साथ जनसंपर्क अभियान में हुई शामिल



**रांची/चाईबासा(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी पश्चिम सिंहभूम संसदीय सीट (चाईबासा) से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनाव प्रचार व जनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं। मौके पर रानी कुमारी ने जनता से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्रीमती मांझी को व्यापक जन समर्थन देकर लोकसभा चुनाव में जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। पूरे देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। आम जनता त्राहिमाम कर रही है। भाजपा येन-केन- प्रकारेण सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। इस बार जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की ठान ली है। भाजपा से जनता का मोह भंग हो चुका है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। उन्होंने जनता से झामुमो प्रत्याशी श्रीमती मांझी को समर्थन देने की अपील की। रानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन का परचम लहरेगा।**

# सरयू राय ने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भीषण गर्मी को देखते हुए पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को विधायक श्री राय ने जरूरतमंद जनता के लिए जल्द पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सुबह 8 बजे से 11 बजे के बीच जुस्को द्वारा क्रियान्वित पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं में प्रगति का जायजा लिया। विधायक सरयू राय पहले जोजोबेड़ा के इलाके में भ्रमण कर स्थानीय लोगो से मिले। उसके बाद टाटा स्टील यूआईएसएल के पदाधिकारियों से जानकारी ली। विधायक ने स्थानीय लोगो से कहा रामाधीन बगान पानी टंकी से जोजोबेड़ा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप बिछाने का कार्य जारी है। दो माह के अंदर पूरा होने की उमीद है। पूरा होने के बाद टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा पेयजल कनेक्शन के लिए फॉर्म वितरण कर पेयजल आपूर्ति आरंभ की जायेगी। मौके पर विधायक ने जोजोबेड़ा में बन रहे खेल मैदान का जायजा लिया। दूरभाष पर अधिकारियों को मैदान के संबंध में चल रहे विवाद का शीघ्र निपटारा कराने के लिए निर्देश दिया। वही विधायक राय ने भुइयांडीह के ऑक्सीजन मैदान में बन रहे पेयजल आपूर्ति पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। टाटा स्टील यूआईएसएल के उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि पंपिंग स्टेशन का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। स्थानीय लोगो के घर में पेयजल का कनेक्शन देने के लिए पाइपलाइन डालने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जून माह तक नंदनगर, बाबुडीह लालभट्टा क्षेत्र में पाइप डालने का कार्य पूरा होने पर कनेक्शन के लिए फॉर्म वितरित की जायेगी। वहीं श्री राय ने ब्राह्मण बस्ती और ग्वाला बस्ती का भ्रमण किया। जहां पेयजल का कनेक्शन के बाद भी घरों तक पानी नहीं पहुंचने की सूचना पर टाटा स्टील यूआईएसएल के पेयजल एवं सीवेज-डेनेज प्रभारी से वार्ता की। विधायक ने कहा ब्राह्मण बस्ती, जोन नं. 4 के घरों में पीने का पानी क्यों नहीं पहुंच रहा। टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों ने कहा कि गर्मी काफी बढ़ने से दोपहर में मजदूरों का कार्य प्रभावित हो रहा। श्री राय ने दिन के बजाय रात में कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था का भी औचक निरीक्षण कर नालियों की सफाई कराने के लिए जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया।

# लोकसभा चुनाव में आधुनिक पावर ने जिला प्रशासन को सौंपे 10 व्हीलचेयर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सिंहभूम लोकसभा चुनाव में आधुनिक पावर नेचुरल रिसोर्सेस पदमपुर ने सरानीय पहल की। सोमवार को कंपनी प्रबंधन ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में विकलांगों एवं वरिष्ठ नागरिक के लिए 10 व्हीलचेयर सरायकेला डीसी कार्यालय को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर कंपनी के सीएसआर हेड संजीत कुमार सिन्हा व रवि शंकर सिंह के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# पलामू संसदीय क्षेत्र का विकास ही हमारी प्राथमिकता : वीडी राम

पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन पर ग्रामीणों को कार्यक्रम में शामिल होने का दिया न्योता

भाजपा के नीतियों से प्रभावित होकर कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने कई गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू के निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कई गांव में जनसंपर्क कर अपने पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से की। इस दौरान उन्होंने गढ़वा विधानसभा अंतर्गत रंका और चिनिया मंडल के विभिन्न का दौरा किया। जिसमें रंका, सोनदाग, भलुवानी, विश्रामपुर, गोदरमाना, चुतरु, बरदरी, कटरा, सिरोई खुर्द, हेताड़ कला, रनपुरा, बेता, खुरी, चिनिया, डोल, बीलैती खेर, पेशका आदि का भ्रमण कर अपने एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां को लोगों के बीच रखते हुए पुनः भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु निवेदन किया। साथ ही साथ 4 मई को डाल्टनगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर लोगों को भारी संख्या में आने हेतु आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी धर्म समुदाय व परिवारवाद की पार्टी नहीं है, यह पार्टी सबका साथ, सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। बताया कि सरकार की नीति और नियति दोनों बिल्कुल स्पष्ट है। जिसको इस उदाहरण से अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ किसी विशेष वर्ग, समुदाय को ही नहीं मिल रहा है। बल्कि सभी जाति, वर्ग और समुदाय को बराबर-बराबर लाभ दिया जा रहा है। मौके पर भाजपा के नीति और कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो पार्टी का दामन छोड़कर कई लोगों ने भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों में मुरतुजा अंसारी, एकतेशाम अंसारी, इम्तेयाज अंसारी, ईस्दाक अंसारी,अलीशेर अंसारी, मदन राम, सुरेंद्र राम, पवन राम, सदनवाज अंसारी, सुखलाल माझी, रमेश सिंह, निर्मल सिंह,आदि का नाम शामिल है। वहीं अन्य पार्टी को छोड़कर प्रेम कुमार गुप्ता,अनु सिंह और चंद्रिका सिंह ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं पूर्व की अपेक्षा इस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु और घर से एक-एक व्यक्ति को निकाल कर मतदान देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में ऐसा था कि यदि किसी बूथ पर 80% से अधिक मतदान हो जाता था तो उसे बूथ को बोगस बोटिंग मान कर कैंसिल कर दिया जाता था परंतु अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि 100% भी मतदान हो जाता है तो वह बूथ कैंसिल नहीं होगा। बल्कि उस बूथ को सम्मानित भी किया जायेगा। मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता अलख नाथ पाण्डेय, सूरज गुप्ता, विनय चौबे, बिश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी,राजकुमार मधेशिया, प्रमोद चौबे, भूषण सिंह, मुरारी यादव कमलेश नंदन सिन्हा, रंका मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद , उदय प्रजापति, उमेश प्रसाद, गोविंद गुप्ता, मोहन प्रसाद गुप्ता, पंकज जी, जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, बीरबल राम, बलराम, ब्रह्मदेव यादव, सुरेंद्र, डॉ उमेश आदि समेत कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## युवा समाजसेवी ने 75वीं बार किया रक्तदान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता कंचन कुमार साहू ने अपने जीवन में 75 बार रक्तदान किया है। जो अपने आप में रक्तदान करने का रिकार्ड है। वह हर खुशी के मौके पर रक्तदान करना नहीं भूलते। उनका साथ परिवार के सदस्य भी देते हैं। कंचन की प्रेरणा से कई युवा इस अभियान में शामिल हुए हैं। तथा युवाओं की टोली हमेशा जरूरतमंद को खून देने के लिए तैयार रहती है। वर्ष 1999 में 19 साल के उम्र से कंचन ने रक्तदान करना शुरू किया था। वर्तमान में उनकी उम्र 44 वर्ष है। वह लगातार ब्लड डोनेशन करते आ रहे हैं। इस संबंध में कंचन बताते हैं किसी के लिए रक्तदान करना तथा उसकी जान बचाने से बड़ा कार्य ओर कुछ हो ही नहीं सकता है। इसमें बहुत खुशी का अनुभव होता है। इधर आज सोमवार को थैलीसीमिया बीमारी से पीड़ित महुलिया गांव निवासी 20 वर्षीय आलमगीर अंसारी को कंचन साहू ने अपने जीवन का 75वां रक्तदान किया। इस अवसर पर धीरज दुबे, मासूम खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आग लगने से लगभग एक लाख की संपत्ति जलकर राख


कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवरी गांव निवासी अनुज गुप्ता के किराना दुकान में शनिवार की देर शाम अचानक आग लगने से दुकान में रखे लगभग एक लाख रुपये की संपति जल कर राख हो गयी। आग बुझाने के क्रम में दुकानदार अनुज गुप्ता आग के चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया, पीड़ित को स्वास्थ्य उपचार हेतु ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित वाहन द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया। दुकान में लगी आग की लपटें मकान के अन्य भागों को अपने चपेट में ले लिया। इस संबंध में सीओ मो. अफताब आलम ने बताया कि आगजनी से पीड़ित परिवार को सरकारी प्रवधान के अनुसार नुकसान की भरपायी करायी जायेगी।

## चेक पोस्ट पर पुलिस कर्मियों को कड़ी धूप और रात्रि में अंधेरे में करनी पड़ रही है वाहनों की जांच




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। लोक सभा चुनाव को लेकर भवनाथपुर ब्लाक गेट पर बनाया गया चेक पोस्ट पर पुलिस कर्मियों को एक सप्ताह से इस कड़ी धूप और रात्रि में अंधेरे में करना पड़ रहा है वाहनों की जांच। जिसके कारण पुलिस कर्मीयों के साथ लगे मजिस्ट्रेट को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बीते शनिवार को प्रखंड उप चुनाव प्रभारी सह बीडीओ नंद जी राम के द्वारा चेक पोस्ट पर एक टेंट तो लगाया गया है, परंतु कड़ी धूप की वजह से पुलिस कर्मियों को टेंट में परेशानी होने के कारण 50 गज दूरी पर पेड़ के छांव में जाना पड़ रहा है उक्त कर्मियो को पीने का पानी भी वेवस्थां नही की गयी है। जबकि रात्रि में रौशनी नहीं होने के कारण भी वाहन जांच में कठिनाई हो रही है।

## स्वीप एक्टिविटी और कैडर के साथ समीक्षा बैठक



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड सभागार में 29 अप्रैल को दो बजे से जेएसएलपीएस जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील दास की अध्यक्षता में स्वीप एक्टिविटी और कैडर के साथ समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें सभी कैडर को एसएचजी की आजीविका को किस प्रकार से बढ़ाई जायें, इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं मतदाता जागरूकता के तहत वोटर वोट देने जाएं, इसके लिए घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बताया गया। इस बैठक में जिला डीएम एस एम आई बी मो० अख्तर अंसारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, सामुदायिक समनवयक धनंजय, अनुपम, योगेन्द्र और राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पलामू का लाल करेगा क्षेत्र का विकास, बाहरी बेटा-बेटी नहीं

कामेश्वर बैठा ने मेराल प्रखंड के दर्जन भर गांव का दौरा कर मांगा जन समर्थन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** बहुजन समाज पार्टी के पलामू लोकसभा प्रत्यासी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में तूफानी दौरा कर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने गोंदा, लातदाग, सोहबरिया, पढ़ुआ, पतहरिया, बंका, रजबंधा, अधौरी, भीमखाड़, बनुआ, रजहारा, संगबरिया, तेनार सहित प्रखंड के कई गांव के बाद हारादाग बाजार में जनसंपर्क कर लोगों से बहुजन समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथी छाप पर वोट देने की अपील किया। इस दौरान श्री बैठा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र विकास से कोसो दूर है, विकास नहीं होने के कारण आज भी लोग मुख्यधारा से भटके हुए हैं। उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उद्योग धंधे लगाने होंगे, हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देना होगा, जो पलामू का लाल ही कर सकता है।उन्होंने एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बाहरी बेटा, बेटी से क्षेत्र का विकास संभव नहीं हैं। इस दौरान गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्यासी वीरेंद्र साव, उमाशंकर राम, रामू गुप्ता, काशी चंद्रवंशी, देवमुनि बैठा, भरदूल वियार, रामप्रवेश प्रजापति सहित कई लोग सामिल थे।

# चेचरिया में पनशाला का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राम प्रसाद (जर्दा मर्चेंट) और हदयानंद कमलापुरी (रूपमहल) की ओर से स्व. रामदेनी साह और स्व. यमुना देवी की स्मृति में शहर के चेचरिया में पनशाला खोला गया। पनशाला का शुभारंभ गढ़वा जिला बीस सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इसके बाद राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला की शुरूआत की। उक्त अवसर पर सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को जलपान कराना बहुत ही पुण्य का काम है और मानव सेवा का यह सर्वोपरि उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के याद में लोगों के बीच में जाकर सेवा करना यह योग सुपुत्रों और परिजनों का ही कार्य हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि इनके माता-पिता और परिजनों के द्वारा इन्हें उच्च कोटि का संस्कार दिया गया। हम सब भी आज सौभाग्यशाली हैं कि मानव सेवा के लिए पनशाला का शुभारंभ करने का सहभागिता मिलने का अवसर प्रदान हुआ। श्री लाल ने कहा कि स्व राम देनी साह जी के परिवार को मैं बरसों से जानता हूं यह परिवार समाज सेवा और मानव सेवा में हमेशा से बढ़-चढ़कर कार्य करते आये हैं। इसी के अंतर्गत आज पनशाला खुलने से राहगीरों को खासकर मार्केट में अपने कार्य करने आने वाले लोगों को शुद्ध जल की व्यवस्था हो जाने से बहुत ही सहूलियत मिलेगा। इस मौके पर हेमंत प्रताप देव, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, झारखंड चेंबर नगर इकाई के अध्यक्ष शंभू सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, उमेश प्रसाद, कामता प्रसाद, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, मंदीप प्रसाद, अजित चौबे, ललसु राम, महमूद आलम, अंजुमन के सदर तौहीद खां, सुदर्शन, अजय, शुभम, धर्मेंद्र, रजनीश, शैलेंद्र, मिंटू, संतोष समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य होना चाहिए : डॉ सुनीता

दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में वैल्यू ऐडेड कोर्स के अंतर्गत प्राथमिक उपचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापको और प्रशिक्षकों को मतदाता जागरूकता का शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वनांचल कॉलेज आफ नर्सिंग के प्राध्यापक संजीव श्रीवास और नीलोफर शेख उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि नीलोफर शेख ने प्राथमिक उपचार का महत्व, उपयोगिता और प्रायोगिक रूप में उसकी व्याख्या की। संजीव श्रीनिवास ने विस्तृत रूप से प्राथमिक उपचार का व्याख्या किया तथा प्रदर्शन विधि द्वारा प्रस्तुत करके दिखाया। नर्सिंग की छात्रा विभा ने सी०पी०आर ०विधि को प्रदर्शित करके दिखाया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य होना चाहिए। ताकि अपने स्तर से किसी की जान बचायी जा सके। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर (डॉक्टर) एमके सिंह और कुलसचिव डॉक्टर लल्लन सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में वनांचल कॉलेज आफ नर्सिंग और दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के छात्र- छात्राओ में विक्की, आदित्य, प्रियरंजन, आलोक, रवि शंकर, चंदन, दीपा, स्नेहा, प्रीति, सभ्या, आनंद, छोटन आदि का सक्रिय सहभागिता रहा। दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, डॉक्टर आशुतोष मिश्रा, आनंद कुमार चौबे, मनोज गुप्ता, शशिकांत सिंह यादव, अभिमन्यु शुक्ला आदि उपस्थित रहे मंच संचालन डॉक्टर आशुतोष मिश्रा के द्वारा किया गया। शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों में बीएन सिंह और एसएन ठाकुर उपस्थित रहे।

# हमने एक अच्छा पदाधिकारी खो दिया है: डीसी

बीडीओ स्व0 हीरक मन्ना केरकेट्टा के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ स्व० हीरक मन्ना केर-केट्टा (झा०प्र०से० प्रखंड विकास पदाधिकारी विशुनपुरा के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को जिला समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो समेत सभी वरीय पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर प्रार्थना किया गया। उपयुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छा पदाधिकारी को खोया दिया है। जो काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। ईश्वर इस दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करें।

# दिवंगत बीडीओ हीरक केरकेट्टा के निधन पर शोक सभा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के निधन पर प्रखंड कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में प्रखंड सह अंचल कर्मी, जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे। शोक सभा में दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना कि गयी।

इसके पूर्व अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि प्रखंड के लिए बहुत बड़ी अपूर्णीय क्षति हुई है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहने की शक्ति दे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना कभी नहीं घटे, इसके लिए हर परिस्थिति में इंसान को सामना करना चाहिये। किसी तरह की बात होती है, तो अपने परिजनों और खास मित्रों से बतानी चाहिये, क्योंकि जिंदगी बार बार नहीं मिलती है।

इस मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, उपप्रमुख कविता देवी, बीडीसी शांति देवी, भरदुल चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि मुना अंसारी, प्रवीण कुमार यादव, पंकज कुमार सिंह, नाजिर मुकुल कुमार, सुबोध कुमार, सीआई जयप्रकाश कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, निरंजन मिश्रा, ग्राम सेवक रामप्रवेश सिंह, जगदीश राम, बीटीएम रंजीत सिंह अभिजीत सिंह, लालभूषन गुप्ता, मणिलाल गुप्ता सहित कयी लोग उपस्थित थे।

# दो साल से चापाकल खराब, इंदिरा गांधी चौक परिसर में पानी के लिए लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडारिया।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप पीएचडी विभाग से लगे पुराने चापाकल में जल मीनार व जलमिनार में लगे पाइपलाइन खराब पड़ा हुआ है, जिस कारण इस भीषण गर्मी में ग्रामीण और राहगीरों को पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इधर बताते चले कि आज दो साल पहले से चापाकल और जल मीनार खराब पड़ा हुआ है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि इंदिरा गांधी चौक समीप 2 साल से चापाकल खराब पड़ा हुआ है, इसकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है इंदिरा गांधी चौक परिसर में पानी के लिए लोग परेशान है। पीने के पानी के लिए लोग इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इंदिरा गांधी चौक परिसर में दो चापाकल है और दोनों चापाकल खराब पड़ा हुआ है। पीएचडी विभाग के द्वारा पानी टंकी चालू स्थिति में था, लेकिन विभाग द्वारा पाइपलाइन संवेदक के मिली भगत से आज 40 से 50 घर को पानी नहीं मिल पा रहा है और राहगीर भी भटक रहे हैं। इसके पहले एक साल पूर्व पीएचडी विभाग के द्वारा इंदिरा गांधी चौक पर एक बोर कराया गया था, लेकिन उसमें अभी तक लोरीग नहीं लगायी गयी है। इस संबंध में भंडारिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह ने कहा कि हमारे पंचायत निधि फंड से इस तरह का कोई गाईडलाईन नहीं मिला हुआ है। चापाकल मरम्मत करने का हम पीएचडी विभाग को बोलेंगे। इधर पीएचडी विभाग के स्कूटी इंजीनियर से बात करने पर उन्होंने कहा कि अगर पीएचडी विभाग से बोरिंग हुआ होगा तो अवश्य बोरिंग करेंगे।

# जायंट्स ने तीन पनशाला का किया शुभारंभ

भीषण गर्मी में सतर्कता बरतने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा तीन पनशाला का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली के निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल के मेनरोड स्थित निवास पर पहला पनशाला का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जायन्ट्स सहेली के सदस्य बिमला केसरी के निवास घड़ा पट्टी और सुमन केसरी के मेन बाजार स्थित निवास सह प्रतिष्ठान के पास दूसरा एव तीसरा पनशाला का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर संगठनकी पदाधिकारीयो ने कहा कि गढ़वा में ही नहीं पूरे देश में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में जायंट्स सहेली के द्वारा पनशाला का शुभारंभ किया जा रहा है, इससे आम राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। पदाधिकारी ने लोगों से आह्वान किया कि इस भीषण गर्मी और लू में जरूरी हो तो ही घर से निकले अन्यथा घर से ही अपना काम निपटाये और यदि बाहर निकले तो भरपेट खाना खाकर पानी पी कर और गमछा, तौलिया, छाता आदि लेकर निकले ताकि तेज धूप और लहर के प्रकोप से बच सके। सहेली के सदस्यों ने आमजन से भी अपील की की लोगों को पनशाला के अलावे अपने घर के बाहर और छतों पर खुले में पानी रखें ताकि पशु पक्षियों के जीवन की रक्षा की जा सके। पनशाला का उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने और संचालन सहेली के प्रशानिक निदेशक रीमा स्वरूप ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जायंट्स सहेली के फाउंडर अध्यक्ष सह पूर्व यूनिट डाइरेक्टर रश्मि कमलापुरी, सहेली के पूर्व अध्यक्ष सह फेडरेशन 8 के पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, पूर्व अध्यक्ष सह फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सिमा केशरी, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, रितु जायसवाल, पल्लवी पुंज, मंजु गुप्ता, बिमला केशरी, करुणा केशरी आदि सदस्य उपस्थित थी।

# समाज सेवी ने पनशाला की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता




**रमना।** प्रखंड मुख्यालय बस स्टेंड स्थित समाजसेवी बबलू गुप्ता ने अपने पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की याद में शीतल शुद्ध जल पनशाला का शुरूवात किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मौजूद थाना प्रभारी असफाक आलम ने राहगीरों को पानी पिलाकर शुरू किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि पिछले 12 वर्षो से लगातार इस तरह के भीषण गर्मी में शुद्ध शीतल जल पिलाने का जो बीड़ा उठाया है वह काबिले तारीफ है। कहा कि आज इससे बड़ा पुण्य का काम नहीं हो सकता। वहीं अन्य लोगों ने कहा कि बबलू गुप्ता के पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता का दिया हुआ संस्कार के बदौलत हर सामाजिक, धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया करते है, जो काफी सराहनीय है। मौके पर बिरंची पासवान, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, टुनटुन सोनी, संजय प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, गुडु प्रसाद, धर्मेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेसियों ने सेन्हा प्रखंड बस्ती में जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेस का गारंटी कार्ड घर घर जा कर लोगो को दिया गया। जिससे लोगो मे काफी उत्साह देखने को मिला। लोगो से इस बार केंद्र में सरकार बनाने के लिये कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, ओबीसी प्रकोष्ठ से संतोष महतो, युवा विधानसभा महाचीव जाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष मोदसिर अंसारी के अलावे सुखदेव उरांव,राजु उरांव, मीडिया प्रभारी सफीक अंसारी, अल्पसंख्यक जिला सचिव रुस्तम अंसारी, सेन्हा पंचायत अध्यक्ष राजेश राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव आयोजित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया .कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य अवनीश चंद्र झा तथा शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के 25 विद्यालय के 9 वी और 12 वी कक्षा के 67 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें निबंध लेखन, कविता, पेंटिंग, नारा, म्यूजिक के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया जा जाना है। जिसमें 30 विद्यार्थियों 15 छात्र व 15 छात्राओं का चयन कर जिला भेजा जायेगा। जिला द्वारा साक्षात्कार कर दो छात्र छात्रा का चयन कर गुजरात राज्य अन्तर्गत बाड़नगर गुजरात भेजा जायेगा। प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा ने बताया कि प्रेरणा उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के लिए अनुभव जन्य शिक्षा प्राप्त करने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है . बच्चों में जागृति पैदा करना,भारतीय संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी रखना और अपने को पहचानने को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्राचार्य अवनीश चंद्र झा के अलावे शिक्षक डी कुमार, के ऐ प्रसाद, प्रेरणा प्रभारी ऐइ केरकेट्टा, एनएन किशोर, नवनीत गौड़ सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनायी गयी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदाता जागरूकता हेतु सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनायी गई। यह मानव श्रृंखला उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय से बरवाटोली तक दोनों ओर बनायी गई थी। कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ी व डिस्ट्रिक्ट आइकॉन आशीष कुमार शामिल हुए। उन्होंने आगामी 13 मई 2024 को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान को लेकर अपील की। कहा कि इस बार दिन भर यानी सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। ऐसे में चूके नहीं, अपना मतदान अवश्य करें। सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेश पर स्वीप के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लोहरदगा जिला में स्वीप अंतर्गत कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं हैं। मतदाताओं तक मतदान की तिथि का आमंत्रण विभिन्न माध्यम से भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग, नगर परिषद और मीडिया कोषांग के कर्मी शामिल हुए।

## 12 करोड़ लगाने के बावजूद लोगों को नहीं हो रही पेयजलापूर्ति

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस वर्ष बनकर तैयार जल नल योजना भी धोखा दे रहा है। भंडरा प्रखंड में हर घर के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे है। जबकि भंडरा प्रखंड में शुद्ध पेयजलापूर्ति के नाम पर 12 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना की शुरूआत आठ साल पहले ही हुई थी, परंतु कोयल जलापूर्ति योजना अपने शुरूआत के दिन से ही ठप है। भंडरा प्रखंड में पेयजल की विकट समस्या को देखते हुए समस्या के निदान को लेकर भंडरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली उपायुक्त से मिलेंगे। मुखिया संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि कोयल जलापूर्ति योजना के नाम पर सिर्फ राशि का बंदरबाट हुआ है। कोयल जलापूर्ति योजना शुरूवात से लेकर आजतक एक माह भी नहीं चला है।

## पुल निर्माण में संवेदक ने बरती लापरवाही जिप सदस्य ने मुंशी को लगायी फटकार



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** पल्हेया रोड के परसही में पुल निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है जिसमें संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से काम करवाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है और जिप सदस्य बलवंत सिंह के पास इसकी शिकायत भी किया है जिसके बाद बलवंत सिंह पुल निर्माण का जांच करने पहुंचे। वहीं काम में लापरवाही देखकर बलवंत सिंह मुंशी पर भड़क उठे और जमकर फटकार लगाया। वहीं जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि पुल निर्माण के कारण वाहनों के आवागमन के लिए बनाये गये बाईपास पर पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिससे धूल उड़ कर लोगों के नाक के जरिए अंदर जा रहा है जिसके कारण लोगों को बीमारी भी हो सकता है लेकिन संवेदक को इसकी कोई चिंता नहीं है। वहीं कार्यस्थल पर मौजूद मुंशी ने संवेदक का नाम बताने से इनकार कर दिया मुंशी को सरकार द्वारा दी जाने वाली मजदूरी भी नहीं पता था।

## तेज रफ्तार ने ली दो की जान, तीन घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ पर सेन्हा वन विभाग का लकड़ी डीपू के समीप लोहरदगा की ओर से आ रहा अल्टो कार ने अनियंत्रित होकर पेड़ में टक्कर मार दिया। जिससे कार क्षतीग्रस्त हो गया और कार में सवार बक्सीडीपा लोहरदगा के पांच युवक घायल हो गये है। घायल युवकों को अस्पताल पहुचाया गया जिसमें अस्पताल जाने के दौरान दो युवकों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य युवक जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। मृतकों में अनीश उरांव और अनु उरांव शामिल हैं वही घायलों में सूरज, चंदू , अनुज उरांव शामिल है।

# एनडीए की संयुक्त बैठक में बनी जीत की रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** एनडीए की संयुक्त बैठक मुद्रिका बैंक्विट हॉल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा झारखंड,बिहार के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी उपस्थित थे। लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को भारी मतों से विजय दिलाने को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएं की गयी। एनडीए के प्रत्याशी समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा से विजय दिलाने को लेकर श्री त्रिपाठी ने कई टिप्स नेताओं को दिया और अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में जीत का अंतर 10000 थी इस बार जीत का अंतर लाख से ऊपर होनी चाहिए इस सोच के साथ सभी एनडीए नेता और कार्यकर्ता आपसी सामंजश बनाते हुए कार्य करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का हाथो को मजबूत करें। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ आजसु पार्टी की ओर से केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय सचिव कवंलजीत सिंह, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, केंद्रीय सदस्य देवेंद्र साहू, विश्वनाथ उरांव, मनोज गुप्ता उर्फ मन्ना, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, दिलीप साहू, हरि उरांव, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, रोहित साहू, आयुष मेहता, राजन मेहता, सुनीता उरांव, रामचंद्र गिरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गांजा की डिलीवरी करने पहुंचा तस्कर गिरफ्तार

**कुडू /लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना पुलिस ने रविवार की रात गांजा की डिलीवरी करने पहुंचे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुडू पुलिस को मुखबिर से गांजा सप्लाई करने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो पूरी टीम के साथ कुडू बाजार टांड़ पहुंचे और घेराबंदी की। हाथ मे थैला लेकर पैदल पहुंचे एक तश्कर को धर दबोचा। पकडे गए तश्कर की पहचान रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी गोपाल प्रसाद साहू पिता स्व चंद्रमोहन साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से थैले में पैकेट बनाकर रखे करीब एक किलो गांजा बरामद किया है। मिली सूचना के अनुसार पुलिस ने शक के आधार पर तश्कर के पीछे पीछे चल रहे एक बोलेरो को कब्जे में लिया है और उसमें सवार दो अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि कहां सप्लाइ करने पहुंचा था इसकी जानकारी नही मिल पायी है। गिरफ्तार तश्कर की निशानदेही पर कुडू पुलिस कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

# दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, आरोपी जेल में बंद

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के बीचों-बीच एक मोहल्ले की दुष्कर्म शिकार 13 वर्षीय नाबालिग ने रविवार को देर रात ढाई बजे सदर अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दी है।बच्चा और उसकी मां दोनों सुरक्षित हैं।वहीं दुष्कर्म का आरोपी पीड़ित का मौसा पिछले चार माह से जेल में बंद है।

जानकारी के मुताबिक पांच माह पूर्व नाबालिग को पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद उसकी माँ ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गयी थी। जहां जांच के क्रम में डॉक्टरो ने उसके गर्भवती होने की जानकारी दी थी। वह पांच माह का गर्भवती थी। इस जानकारी के बाद नाबालिग पीड़िता के माँ के होश उड़ गये थे। फिर जब मां ने नाबालिग से पूछताछ किया था तब रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया था। पीड़िता ने मां को बताया था कि एक दिन उसकी मां घर पर नही थी और वह घर पर अकेली थी। साथ ही स्नान कर रही थी। तब उसका अपना मौसा घर आ धमका था। घर घुसते ही वह उसे स्नान करते हुए देख लिया था। इसके बाद उसके मौसा के मन में वासना जाग गयी। इसके बाद वह उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। साथ ही शादी कर लेने की बात कहकर घटना की जानकारी किसी को नही देने की धमकी दी थी। लोक लाज के कारण वह घटना की जानकारी किसी को नही दी थी। तभी इसी बीच वह गर्भवती हो गयी थी। मगर नादानी के कारण उसे इस बात का कभी आभास नही हुआ था। फिर पेट मे दर्द उठने के बाद उसे इसकी जानकारी हुई। फिर पीड़िता अपनी मां के साथ थाना पहुंच कर आरोपी मौसा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से समीर, चमरा और सुखदेव सहित 15 प्रत्याशी मैदान में

**सुखदेव हाथ छाप, समीर कमल छाप और चमरा लिंडा बल्लेबाज छाप चुनाव चिन्ह से लड़ेंगे चुनाव**

आजाद सिपाही संवाददाता



समीर उरांव



चमरा लिंडा



सुखदेव भगत

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 में लोहरदगा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। इस बात पर अब मुहर लग चुकी है। नामांकन प्रक्रिया का समापन सोमवार को हो चुका है। नाम वापसी के उपरांत अपराह्न 04:00 बजे नये समाहरणालय भवन के सभा कक्ष में निवार्ची पदाधिकारी ने प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया। इस संबंध में कर्ण सत्यार्थी ने विशेष प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह से संबंधित जानकारी साझा की।

**राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पार्टियों के उम्मीदवार व उनके चुनाव चिन्हः** निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभियार्थियों एवं प्रतीक चिन्ह की सूची में तीन के नाम शामिल हैं। बहुजन समाज पार्टी के गिरजानंद उरांव को चुनाव चिन्ह हाथी छाप दिया गया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के समीर उरांव चुनाव चिन्ह कमल छाप, और कांग्रेस पार्टी के सुखदेव भगत चुनाव चिह्न हाथ छाप से चुनाव लड़ेंगे।

**अन्य उम्मीदवार और उनके चुनाव चिन्हः** कुल 13 उम्मीदवार अन्य पार्टियों व निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में इस क्षेत्र से चुनाव मैदान में डटे हैं। जिसमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से बिहारी भगत को चुनाव चिन्ह फलों से युक्त टोकरी, भागीदारी पार्टी से मनी मुंडा को एयरकंडीशनर, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से महेंद्र उरांव को चुनाव चिन्ह बाल एवं हंसिया छाप दिया गया है। वहीं लोकहित अधिकार पार्टी से रामचंद्र भगत को प्रतीक चिन्ह सेव, निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन टोप्पो का चुनाव चिन्ह केतली, निर्दलीय प्रत्याशी अर्पण देव भगत का चुनाव चिन्ह कैंची छाप, निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा का चुनाव चिन्ह बल्लेबाज छाप, निर्दलीय प्रत्याशी पवन तिग्गा का चुनाव चिन्ह फूलगोभी छाप, निर्दलीय मरियानूस तिग्गा का चुनाव चिन्ह हॉकी और बॉल छाप दिया गया है।

निर्दलीय उम्मीदवार रंजीत भगत का चुनाव चिन्ह फुटबॉल खिलाड़ी, निर्दलीय उम्मीदवार सनिया उरांव का चुनाव चिन्ह अलमारी, निर्दलीय स्टेफन किंडो का चुनाव चिन्ह आरी छाप आबंटित है। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहें।।

## दिलीप बड़ाईक ने जनसंघ से पहले रोपना उरांव की मूर्ति लगाने की घोषणा की

**जारी (आजाद सिपाही)।** गुमला विधानसभा क्षेत्र के जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने हाल ही में सरना आदिवासी जागृति के प्रति योगदान की मान्यता में, क्षेत्र में पहले जनसंघ से पहले विधायक एवं क्षेत्र के अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति रोपना उरांव की एक मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की। रोपना उरांव के काम की व्यापक रूप से प्रशंसा की गयी है और इसे सरना जनजाति के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। रोपना उरांव गुमला से विधायक भी रहे हैं। यह प्रतिमा तब की जनसंघ और अब की भाजपा दोनों के लिए महत्वपूर्ण महत्व रखती है, क्योंकि यह आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण और प्रचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपने बयान में दिलीप बड़ाईक ने बताया कि प्रतिमा का अनावरण एवं निर्माण समीर उरांव की जीत के बाद करने की योजना है। इस घोषणा ने स्थानीय लोगों के बीच उत्साह और प्रत्याशा पैदा कर दी है, जो रोपना उरांव के काम की विरासत और प्रभाव को श्रद्धांजलि के रूप में प्रतिमा की स्थापना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## शहर में कई जगह प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी की हो रही बर्बादी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रचंड गर्मी के साथ शहर में पानी के लिए मारामारी चल रही है। वहीं लोगों को सुबह-शाम पानी के लिए भाग दौड़ करते देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर में कई जगह पानी बर्बाद हो रहा है। सड़कों पर जल का जमाव देखा जा रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह नजारा काफी लंबे समय से देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया जगह-जगह जमीन के अंदर पाइप लिक है जिससे प्रतिदिन सैंकड़ों लीटर पानी सड़क पर बर्बाद हो रहा है। विभाग को इसकी मौखिक सूचना भी दी गई है लेकिन विभाग की ओर से अब तक इस दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। शहर के मेन रोड, मधुबाला गली, महावीर चौक पर प्रतिदिन सुबह और शाम पानी सप्लाई के समय सड़कों पर पानी बहते देखा जा सकता है। लोगों ने बताया सड़क पर जल जमा होने से पैदल चल रहे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वही मधुबाला गली में गंदगी और जल जमाव होने से सड़क में चलना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने बताया काफी लंबे समय से यह समस्या लोगों के बीच बनी हुई है लेकिन विभाग का इस ओर ध्यान ही नहीं है। जानकारी देने के बावजूद विभाग के अधिकारी इस दिशा में कोई पहल नहीं करते हैं।

## हत्या के आरोपियों को पांच साल की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे चार संजीव भाटिया की अदालत ने जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलटोली गांव में वर्ष 2017 को घटित हुई 6 वर्षीय मासूम इमरान खान की चर्चित हत्या कर उसे नरबलि का रूप देने के मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्यों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।इनमे आरोपी सबीहा प्रवीण,शहजादी प्रवीण व शबा प्रवीण तीनो बहन को आईपीसी की धारा 302 के तहत दस साल आजीवन कारावास व दस हजार रुपया जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नही देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। वहीं तीनो उपरोक्त आरोपी को धारा 201 के तहत पांच साल कारावास व सात हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नही देने पर एक साल अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। जबकि आरोपी जमील आलम व उसका छोटा भाई मो सहजाद उर्फ चुन्नू को धारा 201 के तहत तीन साल सजा व दस हजार रुपया जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना नही देने पर छह माह अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। पूरा मामला 19 जुलाई 2017 का है। 19 जुलाई को डुमरी थाना में इमरान के गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। फिर 20 जुलाई को इमरान का शव आरोपियों के घर के पीछे से बरामद किया गया था। शव मिलने के बाद लोगो का आक्रोश फुट पड़ा था। घटना के बाद डुमरी बंद रहा था। पुलिस ने घटना का उद्भेदन कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# कांग्रेस राजद को महागठबंधन से हटाना चाहती है : दिलेश्वर यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार के युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि 2024 के लोकसभा में कांग्रेस पार्टी चतरा लोकसभा में अपना उम्मीदवार उतारा है। परंतु महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल को दरकिनार कर रहा है। साथ ही साथ श्री यादव ने कहा कि पूर्व में भी मनिका विधानसभा और लातेहार विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी के विधायक को राष्ट्रीय जनता दल पूरी ताकत के साथ जीत दिलाने का कार्य किया। परंतु विधायक जीत जाने के बाद भी विधायक के द्वारा किसी तरह का कोई राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं को मदद नहीं किया गया। अभी भी चतरा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को महागठबंधन के तरफ से प्रत्याशी घोषित किया गया है। उसके बाद भी राष्ट्रीय जनता दल को पूरी तरह दरकिनार किया जा रहा है। हम सभी राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता आने वाले इस लोकसभा चुनाव को लेकर 15,5,2024 को एक बैठक पूरे जिले का आहूत किया है। साथ ही कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिलाने के लिए युवा राजद के जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव का संघर्ष अंतिम तक जारी रहेगा।

# सिंगरौली से हजारीबाग जा रही कार दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

संतोष सिन्हा/ विनय कुमार

**बालूमाथ/ हेरहंज।** सिंगरौली से हजारीबाग जा रही कार लातेहार में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें दो लोगों की मौत हो गयी है। दुर्घटना सोमवार (29 अप्रैल) को सुबह में हुई। मृतकों की पहचान रितिक कुमार और लवनाथ सिंह के रूप में हुई है।

**लातेहार के मेराल गांव में सुबह-सुबह हुई दुर्घटनाः** जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के मेराल गांव के पास दुर्घटना हुई। मृतक रितिक कुमार चतरा जिले का रहने वाला है, जबकि लवनाथ सिंह हजारीबाग जिले के बरकट्ठा का। दोनों मध्यप्रदेश के सिंगरौली से हजारीबाग जा रहे थे।

**सिंगरौली कोलियरी में काम करते थे हजारीबाग के लवनाथ सिंहः** यह भी बताया गया है कि लवनाथ सिंह मध्यप्रदेश के सिंगरौली कोलियरी में काम करते थे। वह सिंगरौली से ही कार से हजारीबाग जा रहे थे। आशंका जतायी जा रही है कि सुबह में ड्राइवर की आंख लग गयी होगी, जिसकी वजह से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और उसमें सवार रितिक और लवनाथ सिंह की मौत हो गयी।

**पेड़ से टकराने के बाद सड़क किनारे लुढ़की कारः** ग्रामीणों ने बताया कि कार पहले एक पेड़ से टकरायी और उसके बाद सड़क से उतर कर नीचे चली गयी। इसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना के कारणों की भी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में लोक गायक रवि कांत भगत को मिला तीसरा पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनस कांटेस्ट का आयोजन 29 अप्रैल को निर्वाचन भवन में किया गया।इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से 20 म्यूजिक वीडिओ एलबम अलबम शामिल थे। प्रतियोगिता में लातेहार जिले के लोक कलाकार रवि कांत भगत को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि ने रविकांत भगत को नकद पुरस्कार सहित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए। रविकांत भगत ने बताया कि उसने वोटर अवेर्नेस को ले कर एक नागपुरी गीत तैयार किया था।गीत के बोल थे हमीन हेकि भारत वासी, हमीन हेकि जिम्मेदार नागरिक, चला सभे करब मतदान, ई है संविधान के वरदान, देश के बेहतरी चुनब सरकार। उन्होने बताया कि इस गीत को खुद उन्होने लिखा और गाया है। जबकि संगीत सुकुल उरांव ने दिया है. एलबम में दिनेश देवा, विजय प्रभाकर, रिंकु उरांव, लवकेश उरांव, अंकिता बेक, बालकरण उरांव व सबिता उरांव ने अभिनय किया है. जबकि कैमरा एवं एडीटिंग रांची के रवि मुंडा ने किया है. रविकांत ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और लोगों को अपने घरों से निकल कर मतदान अवश्य करना चाहिए. एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। बता दें कि झारखंड रत्न से सम्मानित रविकांत भगत ने कुडुख व नागपुरी भाषा में एक वीडिओ एलबम का निर्माण किया है और कई कई पुरस्कार जीते हैं।

## क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने भाजपा के चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा के समीप भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी के द्वारा की गयी। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने जीत सुनिश्चित करने के लिए कई प्रकार की बातों को बताया। वर्तमान में मोदी जी के नेतृत्व में लगातार पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी है। भारत की वर्तमान आंतरिक एवं सीमा सुरक्षा एवं पारदर्शी व शक्तिशाली नीतियों के कारण वह सारे मनसूबे ध्वस्त हो जा रहे है। मोदी जी के विचार अंतर्गत भारत का हर मतदाता उनका परिवार है। कार्यालय उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक सधनु भगत, पूर्व विधायक सह विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव, जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### तैयारियों को लेकर पलामू लोस कोर कमेटी की बैठक, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील

# प्रधानमंत्री मोदी चार मई को पलामू में

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही होगा देश का विकास : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार मई को प्रस्तावित आगमन को लेकर सोमवार को मेदिनीनगर के एक होटल में पलामू लोकसभा की कोर कमेटी के सदस्य, सभी विधानसभा के प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजक की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित क्लस्टर प्रभारी प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मोदी जी के कार्यक्रम में लाने की तैयारी करनी है। सभी मंडलों की बैठक जल्द से जल्द कर कार्यकर्ताओं व जनता तक आमंत्रण पहुंच जाए। लोकसभा चुनाव में 400 पर के



भाजपा लोस कोर कमेटी की बैठक में उपस्थित पार्टी के कद्दावर नेतागण।

नारा को साकार बनाते हुए नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। वही, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आगमन की तैयारी में सभी कार्यकर्ता पूरे जोर-जोर से जुट जाए। प्रधानमंत्री के पलामू आगमन को लेकर कार्यकर्ता एवं आम जनता में हर्ष का माहौल है। लोग उत्साहित हैं और मोदी जी को देखने और सुनने के लिए आतुर है। इस मौके पर सांसद प्रत्याशी वीडी राम, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, सह संयोजक अलखनाथ पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे, प्रेम सिंह, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व सांसद घूरान राम, विनोद सिंह, नरेंद्र पांडे, दुर्गा जौहरी, रविंद्र सिंह, अविनाश वर्मा, कामेश्वर कुशवाहा, रघुराज पांडे, ओमप्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश केसरी, रामलाल चौरसिया, भीष्म चौरसिया, विजय ओझा, सूरज गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामचंद्र यादव, अनुज पांडे, प्रमोद सिंह, सोमेश सिंह, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# चुनाव संबंधी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें : सामान्य प्रेक्षक

**लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक, चुनाव संबंधी कई बिंदुओं पर की चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी व सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी संग बैठक की। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सामान्य प्रेक्षक को सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से परिचय करवाया। इसके बाद पीपीटी के माध्यम से जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर किये जा रहे तैयारियों से अवगत कराया जिसमें कुल वोटर की संख्या,कुल मतदान केंद्रों की संख्या,पुरुष व महिला मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाता,सी विजिल ऐप से प्राप्त शिकायतें, सेक्टर ऑफीसर व माइक्रो आब्जर्वर की संख्या उनको दिए जाने वाला प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारी, एफएसटी, वीएसटी, मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं आदि को रेखांकित किया। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेक्षक को बताया कि पिछले लोकसभा चुनावों में विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत कुल्ही के बूथ पर सबसे कम मतदान हुआ था। इस बार संबंधित बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़े, इसे लेकर विशेष तैयारी की गयी है। इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम के जरिये वहां के स्थानीय वोटर से संवाद किया गया है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त पुलिस के तरफ से की जा रही तैयारियों व कार्रवाईयों के बारे में बताया जिसमें हथियार एवं मादक पदार्थों की धर पकड़, एक्सक्यूशन ऑफ नन बैलेवल वारंट, परमानेंट वारंट, लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी हथियारों को जमा कराने व जब्त करने की कार्रवाई शामिल रहा साथ ही मूवमेंट प्लान आफ फोर्सेज, एकोमोडेशन ऑफ सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स, पुलिस स्टेसन एवं ओपी आदि विषय को लेकर भी प्रेक्षक को अवगत कराया गया।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव संबंधी सभी प्रशिक्षण को औपचारिकता के रूप में नहीं बल्कि जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने एक साथ ज्यादा अधिक संख्या में लोगों को ट्रेनिंग से बचने की बात कही साथ ही कहा कि मौसम का तापमान बढ़ा हुआ है ऐसे में लोग खुद को हाइड्रेट रखे इसके लिये कार्य स्थल पर पेयजल के साथ-साथ ओआरएस रखने की भी बात कही। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता आदि उपस्थित रहे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत डिज्नीलैंड मेला में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को स्वर्ण सिनेमा कैंपस में लगे डिजनीलैंड मेला में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही मेले में पहुंचे लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने को कहा। ताकि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## चौपाल के माध्यम से चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मकोली स्थित ढोरी डीएवी पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 9वीं के छात्रों ने चौपाल लगाया। जिसके माध्यम से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को उनके मत का महत्व बताया गया। दूसरी ओर, जनप्रतिनिधियों के लोकलुभावन वादे और झांसे में आकर जनता अपनी अपने मत के कीमत को नहीं समझ पाती इसे स्पष्ट करने के लिए इस चौपाल में आंगिक क्रियाकलापों के माध्यम से लोगों में जागरूक किया गया। चौपाल में ग्रामीण जीवन की झलक दिखाते हुए गांव के चुनिंदा एवं मानिंद लोगों द्वारा जिस प्रकार वैचारिक मंथन के बाद निष्कर्ष लिया जाता है कि किस उम्मीदवार में कितनी क्षमता है और कौन हमारे हित में कार्य करेगा। उसे ही वोट देने का सर्व समिति से निर्णय लिया जाता है। इसकी एक छोटी सी नाट्य डीएवी ढोरी में देखने को मिली। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्राचार्य एस कुमार ने बताया कि आज का यह चौपाल सामाजिक स्तर पर प्रासंगिक है। जिसमें छात्रों की भागीदारी अहम बनती है। यह अपने परिवार और समाज के लोगों में देश के इस ज्वलंत मुद्दे पर चर्चा करेंगे और उन्हें जो सीख मिली वह भविष्य में उनके लिए मार्गदर्शन का काम करेगा। इस कार्यक्रम के सहगामी क्रियाकलाप के संरक्षक सत्येंद्र कुमार शर्मा एवं चौपाल के मार्गदर्शक गोपाल शुक्ला के अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिका एसके मोदी, संतोष कुमार, शरणजीत कौर आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## दुकान में लगी आग, कीमती सामान जले

**विश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के बाजार परिसर स्थित एक दुकान में रविवार की देर शाम आग लग गई। जिससे पूरा दुकान और उसमे रखा सामान सहित पांच हजार नकद व कई जरूरी कागजात जलकर खाक हो गया।

# दो अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस

**13 मई को 22,43,034 मतदाता करेंगें मताधिकार का इस्तेमाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभय कुमार व भागीदारी पार्टी (पी) के सतेंद्र कुमार पासवान ने अपना नाम वापस ले लिया। अब नौ अभ्यर्थी रह गये, जिनके लिये 13 मई को वोट डाले जायेंगे। उस दिन पलामू लोकसभा के लिये कुल 2243034 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### नौ अभ्यार्थियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित

| अभ्यर्थी का नाम | दल का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| कामेश्वर बैठा | बीएसपी | हाथी |
| ममता भुईयां | राजद | लालटेन |
| विष्णु दयाल राम | भाजपा | कमल |
| ब्रजेश कुमार तुरी | राष्ट्रीय समानता दल | कैंची |
| महेंद्र बैठा | एसयूसीआइ ( कम्युनिस्ट) | बैटरी टॉर्च |
| राम वचन राम | बीएमपी | चारपाई |
| वृन्दा राम | पीपीआइ (डेमोक्रेटिक) | फलों से भरी टोकरी |
| सनन राम | लोकहित अधिकार पार्टी | सेब |
| गणेश रवि | निर्दलीय | केतली |

# पलामू पुलिस ने अलग-अलग छापामारी कर तीन युवकों को दबोचा, पांच हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/हरिहरगंज।** पलामू जिले के छतरपुर और हरिहरगंज पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में रविवार को छापामारी कर पांच हथियार बरामद किया है। साथ ही तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी पलामू एसपी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन करके दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भगत्त तेंदुआ एनएच 98 ओवरब्रिज के पास हथियारों की खेप की डिलीवरी की जानी है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी की और विवेक कुमार उर्फ छोटू को दबोच लिया। उसके पास से एक देशी रिवाल्वर, दो सिंगल शॉट देशी कट्टा और एक मोबाइल फोन बरामद किया। गिरफ्तार विवेक कुमार उर्फ छोटू बिहार औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के मटपा, बरवाडीह का रहने वाला है। वहीं, छापामारी दल में छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, नंदलाल साहनी, विगेश कुमार राय आदि शामिल थे। दूसरी ओर, छतरपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुल्तानी घाटी के समीप धोबीडीह गांव जाने वाले रास्ते में दो युवक आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले हैं। जिसके बाद छतरपुर पुलिस ने छापामारी की और सुभाष कुमार यादव और छोटू कुमार यादव नामक युवकों को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो देशी कट्टा, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया। दोनों पिपरा थाना क्षेत्र के गहोरा निवासी अजय यादव और संगम यादव के पुत्र है।



### विवेक हथियार तस्करी गिरोह से जुड़ा है

पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार विवेक कुमार उर्फ छोटू हथियार तस्करी गिरोह से जुड़ा है। गिरोह बिहार के बक्सर के इलाके से ऑपरेट हो रहा है। विवेक कई प्रकार के हथियारों का कारोबार करता था। पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि पुलिस को राजा नामक एक व्यक्ति का नाम की जानकारी मिली है जो हथियार खरीदने वाला था।दूसरी ओर छतरपुर में दो गिरफ्तार युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। समय रहते पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार की है।

# मोहम्मदगंज में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हत्या की आशंका

**रेलवे ट्रैक के समीप बरामद हुआ शव, जांच शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान नितेश कुमार के रूप में हुई है। वह माली गांव का रहने वाला है। सोमवार को उसका शव मोहम्मदगंज-कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच माली रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक से 20 फीट की दूरी पर बरामद हुआ। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज पुलिस को दी। खबर पाते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के निर्देश पर एएसआई बिपिन ठाकुर घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। प्राथमिक पड़ताल में पता चला है कि मृतक का घर घटना स्थल से महज 150 मीटर की दूरी पर है। उधर, स्वजनों ने नितेश की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि हत्या के कारणों पर कोई खुल कर कुछ नहीं बोल रहा है। मृतक के पिता राजेश्वर पासवान ने बताया कि नितेश कुमार रविवार की रात 10 बजे खाना खाकर बाहर निकाला था। जिसके कुछ देर बाद उसका फोन ऑफ बताने लगा। देर रात एक बजे उन लोगों ने आसपास उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच सोमवार की सुबह करीब 5 बजे रेलवे ट्रैक के पास शव होने की सूचना मिली। जिसे देख उनलोगों ने नितेश की पहचान की। वहीं, थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि घटना संदेहास्पद है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में चलाया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** युवा भाजपा नेता अजय दूबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़, भंडार और गुरी पंचायत में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पार्टी प्रत्यासी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की गई। अजय दूबे ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम का 10 वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम समर्पित रहा। पिछले 10 वर्षों में पलामू लोकसभा क्षेत्र में कई



ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। लोगों को केंद्र की मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि प्रधानात्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम भरी मतों से चुनाव जीतेंगे। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य शंभू शरण सिंह, भाजपा नेता बैजनाथ सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, अनिल कुमार, अनुज ओझा, गुलाब चौधरी, देवेंद्र चौधरी, शिवनाथ राम, छोटू ठाकुर और रोशन चौधरी आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



टी-20 वर्ल्डकप 2024 के लिए न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान सोमवार को हो गया। पहली बार न्यूजीलैंड ने बच्चों ने टीम का ऐलान करवानाय जिसका मजेदार वीडियो भी शेयर किया है।

# न्यूजीलैंड ने बच्चों से कराया टी-20 वर्ल्डकप टीम का ऐलान

## केन विलियमसन को सौंपी गयी कप्तानी, रचिन रवींद्र को भी टीम में दी गयी है जगह

**इस बार टी-20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें ले रही हिस्सा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान सोमवार को दो बच्चों से कराया। बोर्ड ने इसका मजेदार वीडियो ट्वीट किया है। बच्चों में लड़की का नाम मटिल्डा और लड़के का नाम एंगस है। इससे पहले, वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी न्यूजीलैंड टीम का ऐलान भी अलग अंदाज में हुआ था। उस वक्त खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया था। बोर्ड ने इसी दिन टूर्नामेंट के लिए टीम किट भी



लॉन्च की। स्टार प्लेयर केन विलियमसन को कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। टीम में वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शानदार बैटिंग करने वाले रचिन रवींद्र को भी जगह दी गई है। रचिन और मैट हेनरी पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेंगे। बेन सियर्स को 16वें ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है वहीं, इस बार टी-20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के लिए न्यूजीलैंड ने सबसे पहले अपनी टीम का ऐलान किया है।

### न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-सी का हिस्सा

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला 1 जून को डालास में ही होगा। क्रिकेट इतिहास का पहला मुकाबला भी अमेरिका और कनाडा के बीच ही 1844 में खेला गया था। टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड की टीम जहां 7 जून से अपने सफर का आगाज अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। इसके बाद उन्हें 12 जून को मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला खेलना है। 14 जून को कीवी टीम यूगांडा, जबकि 17 जून को पापुआ न्यू गिनी से मैच खेलने मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-सी का हिस्सा है।

**आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम**

केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।
ट्रैवलिंग रिजर्व- बेन सियर्स

### नहीं जीत पाई अब तक एक भी वर्ल्ड कप

न्यूजीलैंड टीम अब तक एक भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है। 2022 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को फाइनल में हराकर खिताब जीता था। तब भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने 2007 में पहली बार हुए टूनामेंट का ही खिताब अपने नाम कर लिया था। तब से टीम एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी। वहीं, भारत के अलावा पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी 1-1 बार खिताब जीता है। जबकि वेस्टइंडीज (2012 व 2016) और इंग्लैंड (2010 व 2022) ने 2-2 बार टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर कब्जा किया है। टूर्नामेंट अब तक 8 बार खेला गया है, अमेरिका और वेस्टइंडीज में इसका 9वां एडिशन खेला जाएगा।

## भाजपा की हार से ही बचेगा मजदूरों का अस्तित्व : सीटू

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** एनसीओइए सीटू बोकारो और करगली प्रक्षेत्र की बैठक सोमवार को संडे बाजार यूनियन ऑफिस में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान ने की। बैठक में क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार भोई ने सचिव के समक्ष रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर केंद्रीय कमेटी के सहायक सचिव प्रदीप कुमार विश्वास, केंद्रीय कमेटी के सदस्य श्याम बिहारी सिंह दिनकर, जिला कमेटी सीटू के सहायक सचिव कमलेश कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे। इसमें ऊपरी कमेटी के प्रदीप कुमार विश्वास ने कहा कि मजदूर को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को हराना बहुत जरूरी है। अगर गलती से मोदी सरकार फिर से केंद्र की सत्ता में काबिज हो गई तो मजदूरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मजदूरों को मोदी सरकार के खिलाफ मतदान करना है। बैठक में पंकज महतो, शिव शंकर तांती, भुवन नाग, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रिका निषाद, मेहतरू, कुणाल कुमार, सुरेश आदि थे।

## ठेला-रिक्शा चालकों के बीच बांटा गमछा व पानी

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रचंड गर्मी के बीच बेहाल ठेला और रिक्शा चालकों के बीच सोमवार को भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में गमछा और पानी की बोतलों का वितरण किया गया। इस कार्य में संतोष मिश्रा, शुभम अग्रवाल, चीनू घोष, सुनील पंडित, पंकज कुमार आदि भी सहयोग कर रहे थे। इस अवसर पर अभिमन्यु कुमार ने बताया कि जब तक गरीब-मजदूर, किसान और लाचार व्यक्तियों के पास गर्मी से बचने के लिए अंग वस्त्र एवं पीने का पानी नहीं मिल जाता है तब तक यह कार्यक्रम जारी रहेगा।

# जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयारः माधवी मिश्रा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी।

आजाद सिपाही संवाददाता



पत्रकारों से बातें करती जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा व एसएसपी।

## धनबाद संसदीय क्षेत्र में 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को समारहणालय सभागार में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी की। कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिले में 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम व 21 विडियो सर्विलांस टीम कार्यरत है। 2 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी धनबाद आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह मई को अपराह्न तीन बजे बजे तक है। नामांकन सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया जाएगा। सात मई को सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं नौ मई को अपराह्न तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। उन्होंने बताया कि धनबाद में 25 मई को सुबह सात बजे से संध्या पांच बजे तक मतदान होगा। जबकि 4 जून को मतगणना और छह जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 1177 और ग्रामीण क्षेत्र में 1362 मतदान केंद्र है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 92 हजार 976, महिला 10 लाख 85 हजार 165 व 80 थर्ड जेंडर मतदाता है। उन्होंने बताया कि एसएसआर 24 में 27 अक्टूबर 2023 से 27 अप्रैल 2024 तक 82628 नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वहीं 40,949 का नाम डिलीट किया गया है। साथ ही बताया कि धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा में 1313 भवन में 2378 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 918 व ग्रामीण क्षेत्र में 1183 मतदान केंद्र है। कुल मतदाताओं की संख्या 2046473 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 72 हजार 318, महिला 9 लाख 74 हजार 106 व 49 थर्ड जेंडर वोटर्स है।

धनबाद जिले में 172 पर्दानशीन व महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 19 बूथ है। जबकि पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित सिंदरी विधानसभा में एक और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित धनबाद विधानसभा में एक बूथ है। वहीं टुंडी एवं बाघमारा में एक-एक यूनिक बूथ बनाए गए हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में धनबाद जिले में 18 से 19 वर्ष के 24192 पुरुष, 29483 महिला और दो थर्ड जेंडर को लेकर 53677 फर्स्ट टाइम वोटर्स है। 15178 और 12675 महिलाओं को लेकर 27853 पीडब्ल्यूडी वोटर्स, 3412 पुरुष व 3372 महिलाओं सहित 6784 मतदाता 85 वर्ष अधिक उम्र के है। नामांकन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नामांकन करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। वहीं कलेक्ट्रेट मेन गेट तक तीन वाहनों को आने की अनुमति रहेगी। स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए अधिकतम 10 प्रस्तावक की अनुमति रहेगी। आदर्श आचार संहिता का पालन करने और सुरक्षा के लिए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के सथ ही जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। उत्पाद विभाग ने अब तक 7 लाख 76 हजार 797 रुपए की 3113 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जबकि 6 लाख 63 हजार रुपए से अधिक का महुआ जावा जब्त किया है। वहीं, पत्रकार वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए 12 इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा जामताड़ा, गिरिडीह व बोकारो जिले की सीमा पर पांच चेक पोस्ट बनाए गए हैं। अब तक 75 लाख 48 हजार 850 रुपए की अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की रिकवरी की गई है। जबकि एक करोड़ 18 लाख से अधिक रुपए का अवैध सामान पकड़ा गया है। एसएसपी ने बताया कि 1241 लाइसेंसी आर्म्स धारकों में 906 ने अपने हथियार जमा कराए हैं। 251 हथियार को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की है। वहीं 27 के आर्म्स लाइसेंस रद्द किए हैं। उन्होंने बताया कि जिनका 10 साल में आपराधिक इतिहास रहा है वैसे 4886 लोगों को चिह्नित कर 3192 का सत्यापन किया गया है। 1445 पर प्रीवेंटिव एक्शन लिया है। 336 लोगों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया है। 59 लोगों के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा की है। 264 लोगों पर सर्विलांस प्रोसिडिंग की है। वैसे 3243 लोग जो चुनाव प्रभावित कर सकते हैं पर 107 की कार्रवाई तथा 805 के विरुद्ध 108, 109, 110 के तहत कार्रवाई की है। इस मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह मौजूद थे।

# ढुल्लू महतो के नामांकन से पहले घटक दल के नेताओं की हुई बैठक

नामांकन के बाद होगी एनडीए की जनसभा, 400 पार का मेघा शो दिखाने की तैयारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो धनबाद लोकसभा सीट से मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगें। जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी शामिल होंगे। बतातें चलें कि मिशन 400 पार के लक्ष्य को पाने के लिए धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम में भाजपा गठबंधन का मेगा शो दिखेगा, जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित कई दिग्गज नेता जनसभा को संबोधित करेंगें। इसकी जानकारी सोमवार को एनडीए में शामिल सभी घटक दल के नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन करके दी। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक और भाजपा लोकसभा प्रभारी सुरेश साव ने चुनाव में भाजपा की रणनीति पर खुलकर चर्चा की। बताया कि एनडीए गठबंधन की मजबूती के सामने इंडी गठबंधन कहीं टिकने वाली नहीं है।

# लोस चुनाव के लिए 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सोमवार को 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है। इस दिन सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में तीन और अनुसूचित जनजाति में एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने सोमवार को सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह मई 2024 तक) सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक और मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**कार्रवाई :** पुलिस की छापामारी में सात पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और 150 बोतल जब्त

# मिनरल वाटर फैक्ट्री की आड़ में चल रहे नकली शराब बनाने के अड्डे का भंडाफोड़

- जरीडीह बस्ती के सरैया तांड स्थित एक आवास में चल रहा था मिली फैक्ट्री
- पुलिस ने मकान मालिक शंभू साव और मिनरल वाटर फैक्ट्री संचालक संजय सोनी को बनाया आरोपी

## बिहार और आसपास के क्षेत्र में की जा रही थी तस्करी




नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किए जाने की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी। छापामारी में जब्त शराब व शराब की बोतलें।

आजाद सिपाही संवाददाता

**जरीडीह बाजार/बेरमो।** मिनरल वाटर फैक्ट्री की आड़ में नकली अंग्रेजी शराब बनाने के अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए बेरमो के गांधीनगर थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह जरीडीह बस्ती के सरैया तांड स्थित एक आवास में छापामारी की। वहां वाटर फैक्ट्री की आड़ में नकली अंग्रेजी शराब बनाई जा रही थी। पुलिस ने वहां से सात पेटी विभिन्न नामी ब्रांडों के अवैध अंग्रेजी शराब के साथ ही 150 बोतल भी जब्त किया है। वहीं, पांच बोरी में भरे खाली बोतल, रैपर व ढक्कन भी बरामद की गई है। गांधीनगर पुलिस ने मकान मालिक शंभू साव और मिनरल वाटर फैक्ट्री चला रहे संजय सोनी को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बतातें चलें कि पुलिस ने साल 2020 और 2023 में भी यहां अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री का किया था खुलासा किया था। यहां से भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सामग्री भी जब्त की थी। कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल में भी डाला गया था। पर पुलिस की कार्रवाई से बेखौफ आरोपित जेल से छूटने के बाद फिर पूरे दमखम के साथ फिर से नकली शराब के अवैध धंधे में लिप्त हो जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां से वाहनों में नये-नये तरीकों से नामी ब्रांडों के नकली शराब को बनाकर बिहार व आसपास के क्षेत्रों में भेजा जाता है। गांधी नगर थाना प्रभारी पिंटु महथा ने बताया कि अवैध शराब के धंधों को किसी भी कीमत पर फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। वहीं, शराब निर्माण के इस धंधे में अशामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान भी चलाया जा रहा है। इस मौके पर एसआई रवि नारायण झा, एएसआई राजेश छत्री आदि शामिल थे।

# निरसा पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया फ्लैग मार्च



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को निरसा पुलिस एवं सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च किया। जिसका नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार खुद कर रहे थे। बाइक से सशस्त्र बल ने निरसा प्रखंड के 20 पंचायत में संवेदनशीलबूतों का निरीक्षण किया। साथ ही आम जनों से मिलकर स्वतंत्र होकर सशक्त लोकतंत्र निर्माण के लिए निष्पक्षता के साथ मतदान करने की अपील की। इस संबंध में निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि, लोकतंत्र के महापर्व मतदान को लेकर 25 मई को निरसा प्रखंड के 20 पंचायत में विभिन्न बूथों पर मतदान होने जा रही है। सशक्त सरकार निर्माण के लिए निर्भीक एवं स्वतंत्रता के साथ मतदान होना जरूरी है। जिसे लेकर निरसा के सभी संवेदनशील बूथों में फ्लैग मार्च का आयोजन कर गांव की महिला पुरुषों को मतदान की अपील की गई। शत प्रतिशत मतदान हो इसे लेकर ग्रामीणों में जागरूकता चलाया गया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता अवश्य मतदान करें। विघ्न पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

जगह-जगह नाकाबंदी कर ली जा रही वाहनों और लोगों की तलाशी

# शांतिपूर्ण मतदान को चिलचिलाती धूप में भी ड्यूटी निभा रही महुदा पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता


वाहनों की तलाशी लेती महुदा पुलिस।

**महुदा।** एक तरफ चिलचिलाती धूप, तो दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव का माहौल। इनके बीच जहां आमजन अपने घरों से बाहर निकलने में भी कतरा रहे हैं, वहां महुदा पुलिस शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर अलर्ट मोड में दिख रहे है। सोमवार को क्षेत्र में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस में भी महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार अपने पुलिस बल के साथ धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले तेलमोचो चेकपोस्ट पर आने-जाने वाले सभी वाहनों की मुस्तैदी से जांच करते दिखे। अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी नाकाबंदी भी शुरू कर दी गई है। ड्यूटी पर तैनात जवानों द्वारा वाहन में रखे सामान, बैग, डिक्की और व्यक्ति की गहनता से तलाशी लेने के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। चुनाव के बीच क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग ना हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा। उधर, थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि चुनाव को प्रभावित करने की किसी भी प्रकार की गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी कर हर वक्त जांच अभियान चला रही है, ताकि अवैध गतिविधियों को रोका जा सके। प्रशासन का मकसद लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है।

**निर्वाची पदाधिकारी 14–हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र का कार्यालय, हजारीबाग (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)**

E-Mail eemchazaribag@gmail.com

**-:आदेश:-**

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित 14–हजारीबाग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निर्वाची पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्वाचन व्यय पंजी का निरीक्षण तिथि एवं स्थान व्यय प्रेक्षक के विमर्शानुसार निम्नवत् निर्धारित की जाती है:–

| जाँच | तिथि | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| प्रथम जाँच | 08.05.2024 | समाहरणालय सभा कक्ष, हजारीबाग | 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक |
| द्वितीय जाँच | 13.05.2024 | | |
| तृतीय जाँच | 17.05.2024 | | |
| चतुर्थ जाँच | 15.06.2024 | | |

1. सभी अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्त्ता व्यय पंजी निरीक्षण की निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व तक निवार्चन के दौरान प्रचार प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय को अपने व्यय लेखा पंजी में विधिवत संधारित कर साथ में मूल अभिश्रवों (Vouchers) एव बैंक खाता के अद्यतन विवरणी के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक् जाँच के क्रम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation Register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष निर्धारित जाँच तिथि के दिन समर्पित करेंगे तथा समेकित प्रतिवेदन तैयार कर स्कैन करेंगे तथा प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह –उपायुक्त हजारीबाग / व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराना सुनिश्चित करेंगे ।
3. निर्वाचन व्यय से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु दिनांक 07.05.2024 के 11:00 बजे पूर्वाह्न से नया समाहरणालय सभाकक्ष में एक बैठक आहूत की गई है, जिसमें सभी अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्त्ता की उपस्थिति अनिवार्य है ।

निर्वाची पदाधिकारी
14–हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हजारीबाग
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR.NO.324200 Election(24-25):D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ................................/ दिनांक ............................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 01 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 06.05.2024 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 07.05.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.05.2024 को 3.30 बजे अपराहन ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।

**कार्य की विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Strong Room Preparation and Finishing work after EVM Distribution in Engineering College Bagitar Dist Koderma for General Loksabha Election 2024 | 9,94,637.00 | 1,250.00 | 20,000.00 | 20 Days |
| 2 | Preparation of Ground, Making Helipad and Baricating work for Six Nos. Selected Ground for Loksabha Election 2024 at Koderma Dist. | 3,90,497.00 | 750.00 | 8,000.00 | 15 Days |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 324189 Building (24-25)_D

## न्यूज रील्स

### मधुमक्खियों के हमले में 30 छात्र घायल



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मधुमक्खियों के हमले में 30 छात्र घायल, 2 गंभीर। ढेंकनाल कंकड़ाहाड़ ब्लॉक के संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्र घायल हो गये। बच्चे समर कैंप के लिए रामियाल नदी पर बने सापुआ बांध पर एकत्र हुए। बच्चे नहाने जाने की तैयारी कर रहे थे। इस समय मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। विद्यालय के 90 विद्यार्थी उपस्थित थे। हमले की जानकारी होने पर छात्रों ने यहां वहां भाग गये। स्कूल के अधक्ष शांतनु चटर्जी ने बताया कि घायलों को कामाक्षानगर हस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ओला के सीइओ हेमंत बख्शी ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** शेयर्ड मोबिलिटी कंपनी ओला के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीइओ) हेमंत बख्शी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसी साल जनवरी में कंपनी जॉइन की थी। हेमंत बख्शी का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कंपनी अपनी रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस शुरू करने की तैयारी कर रही है। इससे कंपनी के 10% कर्मचारी प्रभावित होंगे। मनी कंट्रोल ने अपने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार अब कंपनी के मालिक भाविश अग्रवाल इसकी देखरेख करेंगे और जल्द ही एक नई नियुक्ति होगी। इससे पहले कंपनी यूके, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में में अपनी मोबिलिटी सर्विस बंद कर दी थी।

# पूर्व भारत का सबसे बड़ा एचआर कॉन्क्लेव 'सोआ प्रॉक्सिमा' संपन्न


आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा आयोजित पूर्व भारत के सबसे बड़े एचआर सम्मेलन सोआ प्रॉक्सिमा-2024' का शनिवार को समापन हुआ है । देश भर से चयनित पेशेवरों ने दो दिवसीय सम्मेलन के पांचवें संस्करण में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए। एक छत के नीचे, देश भर के 100 से अधिक मानव संसाधन विशेषज्ञों, उद्योग विशेषज्ञों और अनुभवी पेशेवरों ने उन चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जिनका सामना वर्तमान में तकनीकी शिक्षा कर रही है और इसका सफलतापूर्वक सामना कैसे किया जा सकता है। सोआ द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले अनुभवी विशेषज्ञों ने लगभग 4500 युवा तकनीकी प्रतिभाओं के साथ बातचीत की। सोआ यूनिवर्सिटी कैंपस 2 ऑडिटोरियम में आयोजित यह कॉन्क्लेव सोआ और उद्योग के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने में सफल रहा है। इस सम्मेलन ने छात्रों को बदलते विश्व और प्रौद्योगिकी के अनुकूल होने के बारे में मार्गदर्शन किया। यह सम्मेलन छात्रों की शंकाओं को दूर करने में बहुत मददगार रहा है। प्रो टी जी सीताराम अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीइ), सोआ प्रॉक्सिमा-2024 के उद्घाटन में सम्मानित अतिथि थे। समापन समारोह में विजय कुमार साहू अध्यक्ष (मानव संसाधन) रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुंबई ने भाग लिया। टाटा इंटरनेशनल के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ संदीपन चक्रवर्ती ने भी छात्रों को प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी तरह, कॉग्निजेंट के ओड़िशा प्रमुख सतीश कुमार प्रधान भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव में एचसीएल टेक, कॉग्निजेंट, सिनोप्सिस, पीडब्ल्यूसी इडिया, मास्टरकार्ड, डेलॉइट इंडिया, जेपी मॉर्गन, मारुति सुजुकी, कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव, ब्रिटिश पेट्रोलियम, लेनोवो, महिंद्रा कॉमविवा, इमामी पेपर मिल्स और ग्रासिम के मानव संसाधन विशेषज्ञ शामिल हुए और चर्चा में भाग लिया। तकनीकी दिग्गज जल्द ही एक नयी दुनिया का सामना करने जा रहे हैं।

इसलिए, उन्हें नयी स्थितियों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर दो दिनों में विस्तार से चर्चा की गयी। विशेषज्ञों ने छात्रों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और उनकी शंकाओं को दूर किया। सोआ के कुलपति प्रो. प्रदिप्त कुमार नंद ने समारोह की अध्यक्षता की और बताया कि कैसे सोआ विश्वविद्यालय नयी शिक्षा नीति को महत्व दे रहा है। यह बताते हुए कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक संस्थानों को उद्योग से जोड़ने के लिए कदम उठा रहा है, उन्होंने कहा कि सोआ कई उद्योगों के साथ जुड़कर काम के माध्यम से सीखने को बढ़ावा दे रहा है। इस कार्यक्रम में प्रो ज्योति रंजन दास डीन छात्र कल्याण सोआ और प्रो रेणु शर्मा अतिरिक्त डीन (छात्र कल्याण) आइटीइआर ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट रिलेशंस और इंडस्ट्री एंगेजमेंट के निदेशक रिप्ति रंजन दास ने सम्मेलन का संचालन किया और औद्योगिक दिवस के अवसर पर धन्यवाद दिया।

# राज्य में गर्मी : कटक के लिए रेड अलर्ट और भुवनेश्वर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में गर्मी का कहर जारी है। मौसम विभाग ने कटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि राज्य की राजधानी भुवनेश्वर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं आज दोपहर 2:30 बजे तक पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। क्योंझर में दिन का उच्चतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। झारसुगुडा में 42.8 डिग्री सेल्सियस, संबलपुर में 42.6 डिग्री सेल्सियस, हीराकुंड और राउरकेला में 41.8 डिग्री सेल्सियस, बालेश्वर में 41.4 डिग्री सेल्सियस, भुवनेश्वर में 41.3 डिग्री सेल्सियस और चांदबली में 40.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने चेतावनी दी है कि ऐसी गर्मी 1 मई तक जारी रहेगी। इसलिए अनुमान है कि मई के पहले हफ्ते से तापमान में थोड़ी कमी आयेगी।

पश्चिमी मानसून के प्रभाव से मई से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की भी संभावना है। हालांकि, भले ही तापमान गिर जाए, मौसम गर्म और आर्द्र बना रहेगा।






# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने वार्षिक दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के महिला कल्याण विंग ने अपना वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर के मुख्य अतिथि, अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीइओ (एनएमएल) और रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीपक जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। **वार्षिक दिवस उत्सव का विषय उत्सव-द जॉय ऑफ सेल्फ डिस्कवरी था :** सभा को संबोधित करते हुए, जैन ने कहा कि स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब अपनी विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज में योगदान दे रहा है। सदस्यों के संयुक्त प्रयासों के कारण क्लब द्वारा सभी पहल की गयी। उन्होंने सदस्यों के लिए कौशल विकास के लिए कार्यशालाओं सहित पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में योगदान के लिए सदस्यों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया और सदस्यों को एक एकजुट परिवार के रूप में खड़े होने और हमारे आसपास के समाज पर स्थायी प्रभाव डालने का आह्वान किया। जैन ने अपने संबोधन का समापन इस टिप्पणी के साथ किया कि हम बदलाव बनें, हम समाज में बदलाव देखना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों, बच्चों और कर्मचारियों की भारी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखी गयी, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया।

इस अवसर पर सीजीएम (एचआर) रजनीश रस्तोगी, जीएम (इंफ्रा) डी श्रीखंडे, जीएम (टीएस) एस पांडेय, जीएम (सी एंड एम), उपाध्यक्ष, शिका रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव, टी परमेश्वरी, परिवार के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ कर्मचारी उपस्थित थे।









# जाति-परिवार नहीं, मुस्तफा अंसारी के लिए समाज ही सर्वोपरि

## धर्मांधता की चहारदीवारी लांघ खींची लंबी लकीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** धर्मांधता की चहारदीवारी को लांघ कर समाज सेवा के क्षेत्र में लंबी लकीर खींच दी। माना जाता है कि समाज सेवा से बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं होता है। इसलिए हम अक्सर देखते हैं कि हमारे समाज में कई लोग निःस्वार्थ भाव से दूसरों के दुख-दर्द को समझते हुए उनकी परेशानियां दूर करना ही अपनी जिंदगी का मकसद बना लेते हैं। समाज के लिए नेक काम करने वाले कई लोग आपने देखा होगा, लेकिन रांची के अनगड़ा के रहनेवाले मुस्तफा अंसारी के जैसा कोई व्यक्ति ही शायद आपने देखा हो। एक-दूसरे को शिकस्त देकर आगे बढ़ने की होड़ भरी जिंदगी में मुस्तफा ऐसे शख्स हैं, जो समाज के लिए आदर्श बन कर इंसानियत के धर्म को निभाने में पीछे नहीं रहते हैं। भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, बीमार को दवाई, गरीब बच्चों की पढ़ाई के अलावा अन्य किसी भी प्रकार से किसी जरूरतमंद की आवश्यकता को जान कर निःस्वार्थ उसकी मदद करते हैं। उस मदद से मिलने वाली खुशी को उसकी आंखों में महसूस कर मुस्तफा अंसारी आनंदित रहते हैं। उनके द्वारा किये गये कार्यों की चमक से आज समाज प्रकाशमान हो रहा है। समाज सेवा के इस गुण को अपने चरित्र का हिस्सा बनाने वाले व्यक्ति हमेशा समाज में एक आदर्श बन कर उभरते हैं। कुछ लोग संसाधनों की कमी के बावजूद समाज सेवा में अग्रणी रहते हुए अपनी छाप छोड़ जाते हैं, ऐसे ही शख्स है मुस्तफा अंसारी। सुबह जगने के बाद से रात को सोते वक्त तक हमेशा जरूरतमंदों की मदद में लगे रहते हैं। जो भी व्यक्ति इनके दर पर मदद की उम्मीद लेकर आता है, खाली हाथ नहीं लौटता है। चाहे इनके पास उस चीज की सामर्थ्य नहीं हो, लेकिन मदद के लिए वह दूसरे के सामने भी हाथ फैलाने में पीछे नहीं रहते हैं। समाज सेवा के बल पर उन्होंने यह साबित कर दिया कि मन में कुछ करने का जज्बा हो, तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है। आज स्थिति यह है कि शहर ही नहीं रांची के गांव-गांव में मुस्तफा भइया, मुस्तफा चाचा काफी लोकप्रिय हो गये हैं। उन्हें लोग अपना मार्गदर्शक समझते हैं। एक मशहूर गीत अपने लिये जिये तो क्या जिये, तू जी ए दिल जमाने के लिए...समाजसेवी मुस्तफा अंसारी पर फिट बैठती है। वह एक नजीर बन कर उभर रहे हैं। यहां तक कि हाड़कंपा देनेवाली सर्दी में गरीबों के बीच कंबल वितरण करना हो या फिर महिलाओं को साड़ी बांटनी हो, वह पीछे नहीं रहते हैं। समाज सेवा के दौरान कभी जाति धर्म नहीं पूछा। जो आया, उसकी मदद की। भविष्य में इस सेवा के बदले फल की लालसा भी इनके मन में नहीं है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना हो या फिर रामनवमी, सरहुल शोभायात्रा के दौरान शिविर लगा कर सेवा करनी हो, कभी पीछे नहीं हटे। लगातार सामाजिक सरोकार का निर्वहन कर रहे हैं। अब तक मदरसा, अंजुमन, मुसलिम समुदाय के अलावा अन्य धर्म के लोगों में भी इनकी पूछ बढ़ गयी है। एक वाकया सुनाते हुए कहते हैं कि जब अनगड़ा में टोल प्लाजा बना, तो स्थानीय युवाओं को रोजगार की पहल की। संबंधित ठिकेदार से बात की। एचएचआइ को पत्र लिखा। साथ ही इस दिशा में लगातार प्रयासरत भी हैं। इसी तरह समाज सेवा के कई अध्याय इनसे जुड़े हुए हैं। ये तो मात्र बानगी है। ऐसे ही शख्स को आज समाज के लोग भी सैल्यूट कर रहे हैं।












## 9 करोड़ रुपये से अधिक का चेक क्लोनिंग मामला

# अपराध शाखा इओडब्ल्यू ने आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** चेक क्लोनिं के नाम पर 9 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी का मामला। क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी को मध्य प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाके से गिरफ्तार किया है। यह लूट बारीपदा बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से हुई। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के नाम से बारीपदा बैंक ऑफ इंडिया शाखा में मयूरभंज जिला परिषद का बैंक खाता था। उस बैंक खाते से, धोखेबाजों ने चेक का क्लोनिं किया और पी टी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लाई और एस के एंटरप्राइज के खातों में 9.56 करोड़ ट्रांसफर किए। इसी रकम को 33 खातों में ट्रांसफर की गयी। इसकी जानकारी होने पर बैंक ऑफ इंडिया बारीपदा शाखा के मुख्य प्रबंधक ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। प्रदेश भर में ऐसे घोटालों में एक बड़ा गिरोह शामिल है। यह रैकेट खासतौर पर छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा में सक्रिय है। मालूम हो कि यह गिरोह करीब 4 साल से सक्रिय है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**